आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 174 | हापुड़, शुक्रवार 10 जनवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

## दिल्ली चुनाव में इंडिया ब्लॉक की धार हुई बेकार, केजरीवाल ने कांग्रेस को बताया भाजपा का मोहरा




नई दिल्ली । दिल्ली चुनाव में इंडिया ब्लॉक की धार एकदम बेकार दिखाई दे रही है। एक तरफ जहां कई पार्टियां अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) को समर्थन देने की बात कर रही हैं, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पूरी तरह से अलग-थलग पड़ी हुई है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उन्हें समर्थन देने वाली पार्टियों को धन्यवाद देते हुए कांग्रेस को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मोहरा बताया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली विधानसभा का चुनाव आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच में हो रहा है। केजरीवाल ने दिल्ली के चुनाव में समर्थन देने पर सभी पार्टियों का दिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को धन्यवाद देते हुए कहा, मीडिया से पता चल रहा है कि उद्धव ठाकरे भी समर्थन दे रहे हैं। सभी समर्थन देने वाली पार्टियों और लोगों को धन्यवाद है। यह इंडिया ब्लॉक का चुनाव नहीं है। यह चुनाव आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच में है। इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित को भाजपा का मोहरा बताते हुए कहा है कि जैसा भाजपा कहती है, वह वैसा ही करते हैं। अगर भाजपा कहती है कि आगे बढ़ों, तो आगे बढ़ते हैं। अगर भाजपा कहती है बैठ जाओ, तो वह बैठ जाते हैं। और अगर भाजपा कहती है कि दाएं मुड़ों, तो दाएं मुड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि संदीप दीक्षित भाजपा का मोहरा है, मानहानि का केस कर रहे हैं तो कर दें। अरविंद केजरीवाल ने अपने संबोधन में यह भी साफ कर दिया कि दिल्ली विधानसभा का चुनाव इंडिया ब्लॉक के बैनर तले नहीं लड़ा जा रहा है। इसमें आम आदमी पार्टी और भाजपा की सीधी भिड़ंत है और बाकी पार्टियां अगर आम आदमी पार्टी को समर्थन दे रही हैं, तो वह उनकी अपनी व्यक्तिगत राय और विचार है।

## भाजपा के पास न कोई एजेंडा और न मुख्यमंत्री का चेहरा- आतिशी

**मुख्यमंत्री ने गोविंदपुर व कालकाजी में आप के चुनाव कार्यालयों का किया उदघाटन**



नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने गुरुवार को गोविंदपुरी और कालकाजी में आम आदमी पार्टी (आप) के चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन किया। इस मौके पर आतिशी ने विपक्षी पार्टी भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई एजेंडा या नैरेटिव नहीं है, न ही उनके पास मुख्यमंत्री का चेहरा है। मुख्यमंत्री कालकाजी विधानसभा सीट से उम्मीदवार आतिशी ने यहा पत्रकारों से वार्ता की। आतिशि ने कहा कि पिछले 5 वर्ष में कालकाजी की जनता ने उन्हें भरपूर आशीर्वाद दिया है। आज कार्यालय उद्घाटन के साथ उन्हें उम्मीद है कि निर्वाचन क्षेत्र के लोग उनपर प्यार और आशीर्वाद बनाए रखेंगे। आज से उनके चुनाव-प्रचार आधिकारिक तौर पर शुरू हो रहा है। उन्हें आशा है कि कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के लोगों का समर्थन निरंतर मिलता रहेगा और आम आदमी पार्टी, अरविंद केजरीवाल और जनता पर कालका माई का आशीर्वाद बना रहेगा। मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रमुख विपक्षी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के पास 'गली-गलौज' के अलावा दिल्ली के लिए कोई एजेंडा, नैरेटिव या मुख्यमंत्री चेहरा नहीं है। वे केवल आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को गालियां देते रहते हैं।

## खराब मौसम के कारण राष्ट्रपति मुर्मु की मेघालय यात्रा रद्द

शिलांग । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की गुरुवार को निर्धारित मेघालय यात्रा खराब मौसम के कारण रद्द हो गई है। राष्ट्रपति को मेघालय के री-भोई जिले के उमियाम में पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन करना था। आईसीएआर के एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति ने खराब मौसम के कारण राज्य का अपना दौरा रद्द कर दिया है। उनकी यात्रा की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। हालांकि, उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मेघालय के राज्यपाल चंद्रशेखर एच. विजयशंकर और मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा शामिल होंगे। राष्ट्रपति का किसान प्रदर्शनी का उद्घाटन करने का भी कार्यक्रम था, जिसमें सात पूर्वोत्तर राज्यों और सिक्किम के किसान और स्वयं सहायता समूह हिस्सा लेंगे। वह एक्सपो में प्रगतिशील किसानों से भी बातचीत करने वाली थीं। पूर्वोत्तर पर्वतीय क्षेत्र के लिए एक प्रमुख अनुसंधान संस्थान आईसीएआर अनुसंधान परिसर की स्थापना 09 जनवरी, 1975 को क्षेत्र के आदिवासी क्षेत्रों की अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए की गई थी। संस्थान पूर्वोत्तर पहाड़ी क्षेत्र के पर्वतीय एवं पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में अनुसंधान, विस्तार और मानव संसाधन विकास गतिविधियों को बढ़ावा एवं संचालन कर रहा है।

## अखिलेश के चाचा राजपाल सिंह यादव का निधन

मैनपुरी । समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा राजपाल सिंह यादव का गुरुवार सुबह लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार श्री यादव गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में भर्ती थे जहां आज सुबह उन्होने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर सैफई लाया जा रहा है जहां उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव के चचिया ससुर राजपाल सिंह यादव के निधन होने से सपा में शोक की लहर दौड़ गयी है। मैनपुरी के पार्टी कार्यकर्ता सैफई पहुंचे। लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष रावल सिंह यादव ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राजपाल सिंह के निधन से पार्टी कार्यकर्ताओं को गहरा आघात लगा है। वह बहुत ही मिलनसार स्वभाव के थे। श्री यादव पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चाचा और मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से विधायक तेजप्रताप यादव के बाबा थे।

## अप्रवासियों के दिल में धड़कता है भारत, दुनिया में मेरा सिर ऊंचा आपसे - पीएम मोदी




भुवनेश्वर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। आयोजन स्थल पर मौजूद लोगों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा- मैंने हमेशा भारतीय डाइस्पोरा को भारत का राष्ट्रदूत माना है। मुझे खुशी होती है जब दुनिया में आप सभी साथियों से बात करता हूं। जो प्यार मिलता है उसे भूल नहीं सकता। प्रधानमंत्री ने कहा, आपका स्नेह आशीर्वाद मेरे साथ रहता है। मैं सभी का निजी तौर पर आभार करता हूं। आपको थैंक यू भी बोलना चाहता हूं। वो इसलिए क्योंकि आपकी वजह से मुझे दुनिया में गर्व से सिर ऊंचा रखने का मौका मिलता है। बीते दस साल में मेरी दुनिया के अनेक लीडर से मुलाकात हुई है। अपने देश के भारतीय डाइस्पोरा की बहुत प्रशंसा करता हूं। इसका एक बड़ा कारण वो सोशल वैल्यूज हैं जो आप सभी वहां की सोसाइटी में दिखाते हैं। हम सिर्फ मदर ऑफ डेमोक्रेसी ही नहीं हैं बल्कि जीवन का हिस्सा हैं। पीएम मोदी ने प्रवासियों के दिलों में धड़कते भारत की बात की। बोले, भारतीय हर जगह जुड़ जाते हैं, हमें विविधता सिखानी नहीं पड़ती, हमारा जीवन ही इससे चलता है। इसलिए भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां की सोसाइटी से जुड़ जाते हैं। जहां जाते हैं, वहां के नियमों और परम्पराओं की इज्जत करते हैं। देश की सेवा करते हैं। विकास में योगदान करते हैं। इनके बीच हमारे दिल में भारत भी धड़कता रहता है। हम भारत की हर खुशी में खुश होते हैं। उत्सव मनाते हैं। 21वीं सदी का भारत जिस गति से आगे बढ़ रहा है, जिस गति से विकास के काम हो रहे हैं, वह अभूतपूर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व की बात कही। बोले, यह समय उत्सव का है। हम महाकुंभ, मकर संक्रांति, लोहड़ी और पोंगल जैसे पर्वों के बीच एकत्र हुए हैं, जो हमारे समाज की विविधता और एकता को प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 9 जनवरी 1915 को महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे थे और तब से यह दिन विशेष रूप से मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने ओडिशा की सांस्कृतिक धरोहर की सराहना करते हुए कहा, ओडिशा की भूमि पर कदम-कदम पर संस्कृति का प्रतीक देखने को मिलता है। यह भूमि हमारे सम्राट अशोक की शांति की धरोहर को संजोए हुए है। ओडिशा का यह ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व हमें शांति, विकास और वैश्विक समृद्धि की दिशा में प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री ने भारत के विकास की गति पर जोर देते हुए कहा, बीते 10 वर्षों में भारत ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है और आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह अभूतपूर्व सफलता है और हम आगे बढ़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा, आज भारत का चंद्रयान अपनी सफलता की ओर बढ़ रहा है, हम नवीकरणीय ऊर्जा, मेट्रो, बुलेट ट्रेन, और मेड इन इंडिया उत्पादों के साथ प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंच रहे हैं। यह सभी कारक भारत के वैश्विक प्रभाव को मजबूत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, भारत की सफलता को अब दुनिया देख रही है और हमारे विकास की दिशा का सम्मान किया जा रहा है। हमारा देश न केवल अपने मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाता है, बल्कि वैश्विक दक्षिण की आवाज भी बनता है। कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर प्रसाद, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, अश्विनी वैष्णव, शोभा करांदे, कीर्ति वर्धन सिंह, ओडिशा सरकार के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और अन्य मंत्रीगण, सांसद तथा विधायकों सहित हजारों प्रवासी भारतीय उपस्थित थे। पीएम मोदी ने प्रवासी भारतीयों को ध्यान में रखकर शुरू की गई स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से चली और तीन सप्ताह तक कई पर्यटक स्थलों तक जाएगी।

## मेरठ में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या




मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है, जहां एक ही परिवार के पांच लोगों के शव उनके घर के अंदर पाए गए। शव बेड बक्सों के अंदर कपड़ों के बीच छिपाए गए थे। घटना लिसाड़ी गेट थाने के पास सोहेल गार्डन इलाके की है। पुलिस और फोरेंसिक अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। घटना से एक दिन पहले परिवार गायब हो गया था। इस घटना को देखकर ऐसी अटकलें हैं कि परिवार का मर्डर किया गया है। घटनास्थल पर सुसाइड नोट भी नहीं मिले हैं। हालांकि पुलिस मर्डर या सुसाइड पर कुछ भी बोलने से बच रही है। जानकारी के अनुसार, पति मोईन और पत्नी आसमा के शव फर्श पर पाए गए, जबकि 8 साल की अफसा, 4 साल की अजीजा और एक साल की अदीबा के शव बिस्तर के अंदर पाए गए। घर के अंदर प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। एडीजी डीके ठाकुर भी घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। एसएसपी मेरठ ने कहा कि मरने की वजह अभी तक सामने नहीं आयी है। पुलिस आपसी रंजिश के एंगल से भी जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह पता चल सकेगी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। लिसाड़ी थाना क्षेत्र स्थित सुहेल गार्डन में रहने वाले मृतक परिवार को बुधवार शाम को आखिरी बार देखा गया था। एक ही परिवार के पांच शव उनके ही मकान में एक कमरे पर बेड पर और उसके अंदर पड़े मिले हैं। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। पांच लोगों में तीन बच्चे और दो पति-पत्नी हैं। बच्चों की उम्र ज्यादा नहीं थी। घटना घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घर के अंदर बाहरी लोगों के जाने पर रोक लगा दी है।

## जेल व फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ अपराधों के तरीकों का विश्लेषण करे पुलिस ब्यूरो - शाह

नई दिल्ली । अपराध के कारणों का पता लगाने और जमीनी स्तर पर पुलिसिंग में आने वाली समस्या का समाधान किया जाना चाहिए. पुलिस बलों को जरूरी संसाधन मुहैया कराकर पुलिसिंग के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए स्मार्ट बल में बदलने की आवश्यकता है. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के कामकाज की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही. बैठक में गृह सचिव गोविंद मोहन, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरोके महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित गृह मंत्रालय और ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे गृह मंत्री ने पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के छह प्रभागों के साथ-साथ क्षेत्रीय कार्यालयों की उपलब्धियों, चल रहे कार्यों और भावी योजना की जानकारी हासिल की. साथ ही नये आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के लिए ब्यूरो के कार्यों की समीक्षा की. बैठक को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुलिस को आधुनिक बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं अपराध के कारणों का विश्लेषण जरूरी गृह मंत्री ने नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो, जेल अधिकारियों व फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ मिलकर पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो में अपराध के कारणों का विश्लेषण करना चाहिए ताकि भविष्य में अपराध को रोकने में मदद मिल सके. उन्होंने विभिन्न शोध अध्ययनों और परियोजनाओं में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थानों और विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर काम करने को कहा. पुलिस बलों को आधुनिक सुविधा मुहैया कराने और पुलिस की सार्वजनिक छवि को बेहतर बनाने के लिए ब्यूरो को जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया अमित शाह ने नए आपराधिक कानूनों के प्रशिक्षण और क्रियान्वयन, मौजूदा पुलिस और जेल प्रक्रियाओं एवं प्रथाओं को बेहतर बनाकर पुलिस बलों के आधुनिकीकरण और नए युग की चुनौतियों से निपटने के लिए ब्यूरो के प्रयासों की सराहना की. उन्होंने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ मंत्रालय को जोड़ने वाली नोडल एजेंसी के रूप में ब्यूरो की भूमिका पर जोर दिया. साथ ही पुलिसिंग की जरूरतों को पूरा करने के लिए 'मेक इन इंडिया' मॉडल की आवश्यकता के साथ-साथ आपराधिक न्याय प्रणाली के हितधारकों, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों और मंत्रालय की समस्या की पहचान और प्रभावी समाधानों के लिए भागीदारी बढ़ाने को कहा

## अकेला बांस पूर्वोत्तर क्षेत्र के जनता की तकदीर बदल सकता है-शिवराज



नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जंगली उपज अकेला बांस पूर्वोत्तर क्षेत्र के जनता की तस्वीर और तकदीर बदल सकता है। श्री चौहान ने गुरुवार को मेघालय के शिलांग में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - क्षेत्रीय परिषद- पूर्वोत्तर की स्वर्ण जयंती एवं कृषि प्रदर्शनी कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों को प्राकृतिक खेती योजना का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती नॉर्थ ईस्ट की विशेषता है, नॉर्थ ईस्ट वाले मिलावट नहीं चाहते, शुद्धता चाहते हैं। प्राकृतिक खेती का अधिकतम लाभ कैसे उठाएं, इसका प्रयास करें। श्री चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के लिए कोष की व्यवस्था है, लेकिन कोष से ज्यादा संकल्प की जरूरत है। उन्होंने पूर्वोत्तर की प्रमुख उपज बांस का उल्लेख करते हुए कहा , ये बैम्बू (बांस) गजब की चीज है, हर जगह आज कल बैम्बू का उपयोग हो रहा है।

अकेला बैम्बू हमारे नॉर्थ-ईस्ट के किसानों की तस्वीर और उनकी तकदीर को बदल सकता है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर की जन-संपदा, जल-संपदा, वन-संपदा, जैव विविधता एक खजाना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर खाद्य एवं साग सब्जी का केंद्र बन सकता है। अलग-अलग फल और सब्जियाँ में इस क्षेत्र का अनानास, संतरे, केला और अदरक विशेष है। उन्होंने कहा कि मेघालय पूरे हिंदुस्तान में फल और सब्जी की आपूर्ति कर सकता है। यहाँ फूलों की बहार है। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को हर तीन महीने में एक बैठक अनिवार्य रूप से पूर्वोत्तर में होनी चाहिए। पूर्वोत्तर के काला चावल और लाल चावल की उत्पादकता बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए।

## महाकुंभ 2025 - डिजिटल केंद्रों पर मिलेगा खोया सामान, घाटों की जानकारी भी दी जाएगी





महाकुंभ नगर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुरक्षित, सुव्यवस्थित और भव्य महाकुंभ की परिकल्पना को साकार करते हुए पुलिस ने 10 डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की स्थापना की है। डिजिटल खोया-पाया केंद्रों में वेटिंग रूम भी रहेंगे। इसके साथ ही चिकित्सीय सुविधाओं के लिए अलग से मेडिकल रूम बनाया गया है। महिलाओं और बच्चों के लिए रिफ्रेशमेंट एरिया की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सभी केंद्रों में 55 इंच का एलईडी स्क्रीन लगाया गया है। इसे पब्लिक एड्रेस सिस्टम से कनेक्ट किया गया है। खोए-पाए सामान और व्यक्तियों के बारे में लाइव जानकारी दी जाएगी। इतना ही नहीं इन केंद्रों पर महाकुंभ से संबंधित घाटों और मार्गों के बारे में सारी व्यवस्थाओं की भी जानकारी दी जाएगी। एडीजी भानु भास्कर ने बताया कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। उनके आने-जाने और स्नान की सुरक्षित व्यवस्था की जा रही है। श्रद्धालुओं की सहायता, सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 10 कंप्यूटराइज्ड खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। संगम वापसी मार्ग के पश्चिमी छोर पर स्थित मुख्य मॉडल केंद्र में सामान्य दिनों में 5 कर्मचारी और स्नान पर्व के दौरान 9 कर्मचारी तैनात रहेंगे। बताया गया कि खोए-पाए व्यक्तियों की जानकारी कंप्यूटर पर दर्ज की जाएगी और सूचना देने वाले को कंप्यूटराइज्ड रसीद प्रदान की जाएगी। 55 इंच के बड़े एलईडी स्क्रीन पर खोए व्यक्तियों की फोटो और विवरण प्रसारित किए जाएंगे।

सभी केंद्र एक-दूसरे से आधुनिक संचार प्रणाली से जुड़े हुए हैं। सूचना का प्रसारण फेसबुक, एक्स, व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए भी होगा। महाकुंभ में यात्रियों की सहायता के लिए मेला क्षेत्र में पूछताछ केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर महाकुंभ, प्रयागराज शहर और मेला क्षेत्र से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी। इसके अलावा पुलिस थानों, चौकियों, फायर स्टेशन, अस्पताल, पोस्ट ऑफिस और प्रमुख अधिकारियों के कार्यालयों का विवरण भी रहेगा।

बस और रेलवे स्टेशनों की स्थिति और ट्रेनों के समय की जानकारी दी जाएगी। तीर्थ स्थान, मंदिर, ऐतिहासिक स्थलों तक पहुंचने के साधन और मार्गों के साथ ही अखाड़ों, महामंडलेश्वरों के शिविरों, कल्पवासी शिविरों और स्नान घाटों की जानकारी दी जाएगी। श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए ट्रैफिक स्कीम और मेले में लागू ट्रैफिक प्रतिबंध, होटल और धर्मशालाओं की सूची और दरें, स्वयंसेवी संस्थाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

## चुनाव की सरगर्मी के बीच राहुल गांधी पहुंचे केवेंटर्स आउटलेट पर, जानिए क्यों ?



नई दिल्ली। राहुल गांधी हाल ही में केवेंटर्स आउटलेट पर गए, जहां उन्होंने कर्मचारियों और ग्राहकों से बातचीत की। अपनी यात्रा के दौरान, उन्हें कॉफी बनाने का प्रदर्शन करने की पेशकश की गई। हालांकि, उन्होंने विनम्रता से मना कर दिया और कहा, 卐नहीं, मैं इसे नहीं पीता।卐 सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो क्लिप में, गांधी को सह-संस्थापकों के साथ बातचीत करते हुए केवेंटर्स के दूध की एक बोतल पकड़े हुए देखा जा सकता है। केवेंटर्स के सह-संस्थापकों ने गांधी के साथ अपनी भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। राहुल गांधी ने मजाकिया अंदाज में कहा, मुझे उम्मीद है कि आपने इस निर्णय के बारे में सोचा होगा। केवेंटर्स की टीम के साथ गांधी की बातचीत में सिद्धार्थ डालमिया समेत अन्य लोग शामिल थे। उन्होंने ब्रांड की विकास रणनीति और बाजार में पैठ बनाने की योजनाओं पर चर्चा की।

# संपादकीय

## जब देवताओं ने ली हनुमानजी के बल और बुद्धि की परीक्षा

हनुमानजी को आकाश में बिना विश्राम लिये लगातार उड़ते देखकर समुद्र ने सोचा कि ये प्रभु श्रीरामचंद्रजी का कार्य पूरा करने के लिए जा रहे हैं। किसी प्रकार थोड़ी देर के लिये विश्राम दिलाकर इनकी थकान दूर करनी चाहिए। उसने अपने जल के भीतर रहने वाले मैनाक पर्वत से कहा, मैनाक! तुम थोड़ी देर के लिये ऊपर उठकर अपनी चोटी पर हनुमानजी को बिठाकर उनकी थकान दूर करो। समुद्र का आदेश पाकर मैनाक प्रसन्न होकर हनुमानजी को विश्राम देने के लिये तुरंत उनके पास आ पहुंचा। उसने उनसे अपनी सुंदर चोटी पर विश्राम के लिये निवेदन किया। उसकी बातें सुनकर हनुमानजी ने कहा, मैनाक! तुम्हारा कहना ठीक है, लेकिन भगवान श्रीरामचंद्रजी का कार्य पूरा किये बिना मेरे लिये विश्राम करने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। ऐसा कहकर उन्होंने मैनाक को हाथ से छूकर प्रणाम किया और आगे चल दिये। हनुमानजी को लंका की ओर प्रस्थान करते देखकर देवताओं ने सोचा कि ये रावण जैसे बलवान राक्षस की नगरी में जा रहे हैं। इनके बल बुद्धि की विशेष परीक्षा कर लेना इस समय आवश्यक है। यह सोचकर उन्होंने नागों की माता सुरसा से कहा, देवी सुरसा! तुम हनुमान के बल बुद्धि की परीक्षा लो। देवताओं की बात सुनकर तुरंत सुरसा एक राक्षसी का रूप धारण कर हनुमानजी के सामने जा पहुंची।

उसने उनका मार्ग रोकते हुए कहा, वानरवीर! देवताओं ने आज मुझे तुमको अपना आहार बनाने के लिये भेजा है। उसकी बातें सुनकर हनुमानजी ने कहा, माता! इस समय मैं प्रभु श्रीरामंचद्रजी के कार्य से जा रहा हूं। उनका कार्य पूरा करके मुझे लौट आने दो। उसके बाद मैं स्वयं ही आकर तुम्हारे मुंह में प्रविष्ट हो जाउंगा। इस समय तुम मुझे मत रोको, यह तुमसे मेरी प्रार्थना है। इस प्रकार हनुमानजी ने सुरसा से बहुत प्रार्थना की, लेकिन वह किसी प्रकार भी उन्हें जाने नहीं दे रही थी। अंत में हनुमान जी ने क्रुद्ध होकर कहा, अच्छा तो लो तुम मुझे अपना आहार बनाओ। उनके ऐसा कहते ही सुरसा अपना मुंह सोलह योजन तक फैलाकर उनकी ओर बढ़ी। हनुमानजी ने तुरंत अपना आकार उसका दूना अर्थात् 32 योजन तक बढ़ा लिया। इस प्रकार जैसे जैसे वह अपने मुख का आकार बढ़ाती गयी, हनुमानजी अपने शरीर का आकार उसका दूना करते गये। अंत में उसने अपना मुंह फैलाकर 100 योजन तक चैड़ा कर लिया। तब हनुमानजी तुरंत अत्यंत छोटा रूप धारण करके उसे उस 100 योजन चैड़े मुंह में घुसकर तुरंत बाहर निकल आये। उन्होंने आकाश में खड़े होकर सुरसा से कहा, माता! देवताओं ने तुम्हें जिस कार्य के लिए भेजा था, वह पूरा हो गया है।

अब मैं भगवान श्रीरामंचद्रजी के कार्य के लिए अपनी यात्रा पुनः आगे बढ़ाता हूं। सुरसा ने तब उनके सामने अपने असली रूप में प्रकट होकर कहा, महावीर हनुमान! देवताओं ने मुझे तुम्हारे बल बुद्धि की परीक्षा लेने के लिए यहां भेजा था। तुम्हारे बल बुद्धि की समानता करने वाला तीनों लोकों में कोई नहीं है। तुम शीघ्र ही भगवान श्रीरामचंद्रजी के सारे कार्य पूर्ण करोगे। इसमें कोई संदेह नहीं है। ऐसा मेरा आशीर्वाद है।

## ऐसे करें चंद्र दर्शन और पूजा, मिलता है ये फल

हिंदू कैलेंडर के हिसाब से चंद्र दर्शन हर माह में एक बार होता ही हैं। चन्द्र दर्शन तब किया जाता है जब अमावस्या के बाद पहली बार चंद्रमा दिखाई देता है। चंद्र दर्शन हिंदु धर्म में काफी महत्व रखता है क्योंकि चद्रंमा को देवता समान माना जाता है। भक्त इस दिन भगवान चंद्र की पूजा करते हैं और व्रत रखते हैं और चंद्र देवता की विशेष पूजा करते हैं। इस विशेष दिन पर चंद्रमा को देखने के लिए इसे बहुत भाग्यशाली और समृद्ध माना जाता है। भगवान चन्द्रमा की पूजा घर में सफलता और सौभाग्य लाती है अनुष्ठान- इस दिन महिलाएं व्रत रखती हैं और अपने पति और बच्चों की लंबी उम्र की कामना करती हैं। अपनी श्रद्धा और भक्ति के अनुसार लोग भी इस दिन व्रत रख पूजा करते हैं। व्रत के दौराना भक्त पूरे दिन किसी भी प्रकार का भोजन ग्रहण नहीं करते हैं। चांद दिखने के बाद ही व्रत खत्म होता हैं। साथ ही इस दिन ब्राह्मणों को चीनी,चावल और कपड़े दान करना और भी अधिक अच्छा माना जाता हैं। महत्व- चंद्रमा को नौ ग्रहों में से बहुत ही विशेष माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि चंद्रमा का पृथ्वी पर मनुष्यों जीवन पर एक बहुत ही विशेष प्रभाव होता है। चंद्र दर्शन करने से और इस दिन व्रत करने से सभी प्रकार की नकारात्मकता से छुटकारा मिलता है। जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। इस विशेष दिन पर भगवान चंद्रमा की पूजा करने से भक्तों के जीवन में पवित्रता और ज्ञान का अद्भुद् संचार होता है। जीवन में नकारात्मक विचारों से मुक्ति मिलती है। व्रत के दौरान शक्तिशाली चंद्र मंत्रों का जाप किया जाता है ताकि अच्छे परिणाम प्राप्त किये जा सके।

## 10 जनवरी 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 07.14 प्रात-
सूर्यास्त- 05.54 सायं
सूर्य राशि- धनु
चंद्र उदय- 2.26 दोपहर
चंद्र अस्त- 04.37 प्रात-
चंद्रमा- वृषभ राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना पौष-11 पूर्णिमांत महीना पौष-26 शुक्ल पक्ष 11, तिथि-एकादशी प्रात- 10.19 तक बाद में द्वादशी, नक्षत्र-कृतिका दोपहर- 01.45 तक बाद में रोहिणी, योग-शुभ दोपहर- 02.37 तक बाद में शुक्ल, करण- विष्टी प्रात- 10.19 तक बाद में बव रात्रि- 09.19 बालव, राहु काल दोपहर- 10.30 से 12.00 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक, यमगंड प्रात- 03.00 से 04.30 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.13 से 12.55 तक दुमुहूर्त प्रात- 09.22 से से 10.05 तक व 12.55 से 01.38 तक अमृत काल प्रात-11.29 से 12.59 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.38 से 06.26 तक।

## आज 10 जनवरी का दैनिक राशिफल।

मेष- शिक्षा, रिसर्च या जीवन में गलती कर रहे है तो गुरु सलाह से राह मिलेगी, पिता सेटलमेंट के लिए अच्छा प्रबंध करेंगे लेकिन थोड़ा कर्ज खर्चा बढ़ेगा, शेयर मार्केट कार्य लाभ देगा।
भाग्य प्रतिशत-69

वृषभ- सरकार का पैसा सोच समझकर खर्च करे कोई जांच हो सकती है, अपना घर लेने का अब विचार करने लगेंगे, हाथो में कष्ट सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-53

मिथुन- व्यवसाय को आगे कैसे बढ़ाए उसपर मन्थन करेंगे लाभ भी होगा, लम्बी दूरी की यात्रा सुखद रहेगी, आँखों में तकलीफ़ का ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-54

कर्क-व्यय थोड़ा बढ़ जाएगा, भाग्य किसी मामले में साथ देगा, उन्नति होगी, किसी के परिवार से रिश्ता जल्दबाज़ी में ना जोड़े।
भाग्य प्रतिशत-54

सिंह- वाकपटुता से कार्य करवा लेंगे, इन्कम बढ़ेगी, संतान दूर रहती है मुलाकात सम्भव है, बैंकिंग ट्रांजेक्शन करेंगे, यात्रा में सामान ना भूले,विवाद सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-76

कन्या- टेंडर सम्बन्धी कार्य में उन्नति करेंगे, राजनेता से मुलाकात होगी, नवविवाहित की करियर ग्रोथ अचानक बढ़ेगी, किसी को अंदरुनी जलन सम्भव है ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-81

तुला- करियर में नई शुरुआत होगी, पत्नी गर्भवती है तो अनावश्यक टेंशन ना दे, फैशन सम्बन्धी शिक्षा लेने का विचार बनेगा, उत्साह बना रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-77

वृश्चिक- कोई काम पेंडिंग है तो निपटा ले नुकसान सम्भव है, रिश्ता तय हुआ है तो जीवनसाथी सुलझा बुद्धिमान मिलेगा, कपड़े का कार्य आर्थिक लाभ देगा।
भाग्य प्रतिशत-79


धनु- ऑफिस में कोई समस्या है तो टॉप मेनेजमेंट बात सुनेगा, उन्नति के भी योग है, कोई योजना बनाई है तो उसमे बाधा अवश्य होगी लेकिन डगमगाए नहीं।
भाग्य प्रतिशत-82

मकर- क्रिएटिव कार्य में प्रगति करेंगे, प्रेम समबन्ध में गुणी साथी के मिलने से खुशी होगी, अपने ज्ञान को भी बढ़ायेंगे, अचानक धन लाभ के योग बनेंगे।
भाग्य प्रतिशत-86

कुम्भ- दो-तीन जगह से इन्कम का सोर्स बनेगा, प्लानिंग सफल होगी, कुछ लोग जॉब छोडकर अपना कार्य शुरू कर सकते है, शुगर ना बढ़े ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-86

मीन- बच्चों के साथ विदेश यात्रा कर सकते है, पैसे की कमी नहीं होगी, किसी बीमारी का ईलाज शुरू कर पाएंगे, सेहत में सुधार होगा।
भाग्य प्रतिशत-75

## सोनू सूद की फिल्म फतेह रिलीज को तैयार, दर्शकों के लिए 99 रुपये में उपलब्ध होगी



मुंबई । अभिनेता सोनू सूद प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ के लिए जाने जाते हैं। सोनू सूद को गरीबों का मसीहा कहा जाता है। वह जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। सोनू सूद की आने वाली फिल्म %फतेह% रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। सोनू सूद ने फैंस के लिए खास छूट दी है। फिल्म %फतेह% दर्शकों के लिए 99 रुपये में उपलब्ध होगी। फिल्म फतेह के पहले दिन की टिकट 99 रुपये में उपलब्ध होगी। सोनू सूद ने हाल ही में एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वह कहते हैं, 2020 में, जब संपूर्ण कोविड शुरू हुआ, तो हजारों-लाखों लोग मदद के लिए मेरे पास आना चाहते थे। उनके साथ साइबर धोखाधड़ी होने लगी। उनके बैंक खातों से पैसे निकाले गए। मुझे यह पसंद नहीं आया। तो मैं सोच रहा था कि आपके लिए बनाई गई यह फिल्म अधिकतम लोगों तक कैसे पहुंचेगी। फिल्म 10 जनवरी को रिलीज हो रही है। तो आपके और पूरे देश के लिए फतेह की टिकट की कीमत 99 रुपये होगी। साथ ही पहले दिन का होने वाला मुनाफा चैरिटी में दान किया जाएगा। सोशल मीडिया पर फैंस सोनू के इस कदम की सराहना कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, अब हमारी बारी है! यह उन लोगों के सपनों और संघर्षों को सलाम करने का समय है जिन्होंने हर कठिन समय में हमारा साथ दिया है। सोनू सूद के साथ खड़े हों और दिखा दें कि इंसानियत अभी भी जिंदा है। एक अन्य यूजर ने लिखा, सर, आपकी पहल बहुत अच्छी है, हम सभी आपका समर्थन जरूर करेंगे। फिल्म फतेह की रिलीज में अब कुछ ही समय बचे हैं। यह फिल्म 10 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन होने वाला है। फिल्म के अब तक दो ट्रेलर रिलीज हो चुके हैं और दोनों ही धमाकेदार हैं। ट्रेलर देखने के बाद ऐसा लग रहा है कि फिल्म एक्शन और फाइटिंग के मामले में रणबीर कपूर की एनिमल को टक्कर देने वाली है।

## सर्राफा बाजार में सोने की बढ़ी चमक, चांदी की कीमत में बदलाव नहीं

नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली तेजी नजर आ रही है। हालांकि चांदी बिना किसी बदलाव के सपाट स्तर पर ही कारोबार कर रहा है। सोने के भाव में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,970 रुपये से लेकर 78,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,400 रुपये से लेकर 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज भी 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,400 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,820 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,8 20 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 78,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## करिश्मा कपूर ने बताया 2025 को लेकर उन्होंने क्या बनाए नियम



मुंबई । अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर उन नियमों का खुलासा किया, जिनका वह 2025 में पालन करेंगी। सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने 2025 के संकल्पों पर बात की। पोस्ट के अनुसार अभिनेत्री नए साल में खुद को ही प्राथमिकता देती दिखेंगी। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 2025 के नियम, जो आपको बुलाए उसे कॉल करें। जो आपसे मिलने आए उसे मिलें। जो आपको अनदेखा करे उसे अनदेखा करें। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जिन्हें प्यार से लोलो कहा जाता है, सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के साथ नए-नए पोस्ट संग रूबरू होती रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें वह काले रंग की पोशाक में नजर आई थीं। उन्होंने तस्वीर को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा था, ब्लैक एंड बोल्ड। करिश्मा ने पिछले महीने अपने दादा राज कपूर की 100वीं जयंती के अवसर पर 'इंडियन आइडल' के एक स्पेशल एपिसोड में एक दिल छू लेने वाला किस्सा साझा करते हुए उनके भारतीय सिनेमा में योगदान पर प्रकाश डाला था। इस एपिसोड में पार्श्वगायिका श्रेया घोषाल, विशाल ददलानी और रैपर बादशाह भी शामिल हुए थे। सभी ने हिंदी सिने जगत के ग्रेट शो मैन को भावभीनी श्रद्धांजलि दी थी। इस शो से पहले करिश्मा कपूर ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की तस्वीरों को साझा किया था। राज कपूर की 100वीं जयंती समारोह में पीएम मोदी को आमंत्रित करने के लिए वह कपूर परिवार के साथ पहुंची थीं।

## रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ 85.92 डॉलर पर



मुंबई । अमेरिकी मुद्रा के मजबूत रुख और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में एक पैसे की गिरावट के साथ 85.92 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। इसके साथ ही रुपये में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी बॉण्ड पर अधिक प्रतिफल के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से अमेरिकी मुद्रा को बल मिला, जबकि घरेलू शेयर बाजारों में मंदी के कारण भी रुपये में और गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.94 प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर खुला। शुरुआती सौदों में डॉलर के मुकाबले 85.92 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे टूटकर 8 5.91 के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाले डॉलर सूचकांक में हालांकि 0.11 प्रतिशत की गिरावट आई लेकिन वह 108.80 के मजबूत स्तर पर बना रहा।

## शमी के वापसी की उम्मीदें बढ़ीं, आकाशदीप एक महीने के लिए बाहर



नई दिल्ली । तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज और संभावित रूप से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में वापसी करने की उम्मीद है। नवंबर 2023 में विश्व कप फाइनल के बाद से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज ने हाल ही में सफेद गेंद क्रिकेट खेलना फिर से शुरू किया है और उनके भारतीय टीम के लिए उपलब्ध होने की संभावना है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार, एनसीए की मेडिकल टीम शमी की बारीकी से निगरानी कर रही है, जिनकी दाहिनी एड़ी की सर्जरी हुई है। एड़ी ठीक हो गई है, लेकिन उनके घुटने में हल्की सूजन है, जिसके कारण उन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद के चरणों के लिए विचार से बाहर कर दिया गया है। हाल ही में, शमी ने बंगाल के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कुछ खेलों में भाग लिया है और गुरुवार को बड़ौदा में हरियाणा के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल में फिर से खेलने के लिए तैयार हैं। जैसा कि बीसीसीआई ने कहा है, शमी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की मेडिकल टीम की निगरानी में हैं, और वह जहां भी जाते हैं, उनके साथ कम से कम एक एनसीए फिजियो या ट्रेनर रहता है। राजकोट में कुछ फिजियो या ट्रेनर थे, जहां शमी ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में खेला था और हाल ही में, हैदराबाद में शमी और हार्दिक पांड्या दोनों की देखरेख करते हुए एक एनसीए फिजियो को देखा गया था। चयन समिति के सदस्य शमी के प्रदर्शन का बारीकी से आकलन करने के लिए बड़ौदा में विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट मैचों में भाग लेने की संभावना है। शुरुआती संकेत बताते हैं कि उनकी गेंदबाजी पर कोई असर नहीं पड़ा है और वह काफी हद तक परेशानी मुक्त हैं। जबकि उनके वापस बुलाए जाने के लिए एनसीए की मंजूरी अनिवार्य है। इस बीच, तेज गेंदबाज आकाश दीप के इंग्लैंड के खिलाफ आगामी सफेद गेंद की सीरीज में खेलने की संभावना नहीं है, साथ ही उनके कुछ मौजूदा भारतीय साथी भी इसमें शामिल नहीं होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि पीठ दर्द के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट से चूकने वाले आकाश दीप कम से कम एक महीने तक मैदान से बाहर रहेंगे। भारत लौटने पर, उन्हें बेंगलुरु में एनसीए या नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करना है। सबसे पहले, आकाश दीप इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, जिनमें से पहला मैच 22 जनवरी को उनके गृहनगर कोलकाता में होना है। भले ही आकाश दीप ने अभी तक अपना सफ़ेद गेंद वाला डेब्यू नहीं किया है, लेकिन हाल के महीनों में उनके प्रदर्शन में उछाल आया है, और उन्हें चयन के लिए विचार किया जा सकता था, खासकर जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की अनुपस्थिति में। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान काम के बोझ के कारण दोनों तेज गेंदबाजों के इंग्लैंड टी20 सीरीज से बाहर रहने की भी उम्मीद है। दोनों तेज गेंदबाजों ने सीरीज में 150 से अधिक ओवर फेंके और भविष्य की प्रतिबद्धताओं, खासकर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उन्हें आराम की आवश्यकता है। बुमराह के साथ स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, क्योंकि चयनकर्ता एनसीए प्रबंधकों की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि उन्हें उम्मीद है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी (19 फरवरी-9 मार्च) के लिए फिट हो जाएंगे, लेकिन पीठ में ऐंठन के कारण एससीजी में दूसरी पारी में गेंदबाजी करने में असमर्थ रहे इस तेज गेंदबाज को एनसीए से मंजूरी की आवश्यकता होगी। बुमराह के भी जल्द ही एनसीए में रिपोर्ट करने की उम्मीद है। चयन समिति से उम्मीद है कि वह बीसीसीआई एजीएम (12 जनवरी) के आसपास इंग्लैंड के खिलाफ दो सफेद गेंद की सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए एक अनंतिम टीम चुनने के लिए बैठक करेगी। इंग्लैंड 22 जनवरी से 12 फरवरी तक पांच टी20 और तीन वनडे खेलेगा।

## मुझे लगता है कि वह अगले कप्तान होंगे- गावस्कर ने बुमराह पर कहा

सिडनी । जसप्रीत बुमराह की टीम की नेतृत्व क्षमता से प्रभावित पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अनुमान लगाया कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) में शानदार प्रदर्शन करने वाला यह तेज गेंदबाज रोहित शर्मा के बाद भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करेगा। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों में 32 विकेट लिये। यह ऑस्ट्रेलिया में किसी विदेशी तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बुमराह की कप्तान में टीम ने पर्थ में खेले गये इस श्रृंखला के शुरुआती मैच में जीत दर्ज की थी। गावस्कर ने 'चैनल 7' से कहा, '' वह (बुमराह) टीम का अगला कप्तान हो सकता है। वह जिम्मेदारी के साथ टीम का बढ़कर नेतृत्व करता है, उसकी छवि बहुत अच्छी है। उसमें कप्तान के गुण है और वह ऐसा व्यक्ति नहीं है तो आप पर अनावश्यक रूप से दबाव बनाये।'' इस पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने कहा, ''कभी-कभी आपके पास ऐसे कप्तान होते हैं जो आप पर बहुत दबाव डालते हैं। बुमराह को देखकर लगता है कि वह दूसरों से अपेक्षा करते हैं कि वे वही करें जो उनका काम है। वह जिस काम के लिए राष्ट्रीय टीम में है वह काम करें लेकिन इसके लिए किसी पर दबाव नहीं डालते है।'' बुमराह पिछले कुछ वर्षों से भारतीय तेज आक्रमण की अगुवाई कर रहे हैं उनके मार्गदर्शन ने मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ियों को एक तेज गेंदबाज के रूप में विकसित होने में मदद की है। उन्होंने कहा, '' वह मिड-ऑफ, मिड-ऑन पर खड़े रहते है और तेज गेंदबाजों के लिए उनकी मौजूदगी फायदेमंद रहती है। वह गेंदबाजों से अपने विचार साझा करने के लिए तैयार रहते है। मुझे लगता है कि वह बिल्कुल शानदार थे और अपनी भूमिका बहुत अच्छी भूमिका निभाते हैं। अगर वह कप्तान बने तो मुझे आश्चर्य नहीं होगा।''सिडनी क्रिकेट मैदान पर खेले गये अंतिम टेस्ट ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के बीच में चोटिल होने से पहले बुमराह ने 13.06 औसत और 28.37 की शानदार स्ट्राइक रेट से अपने विकेट निकाले थे। इस मैच में कप्तानी कर रहे बुमराह की गैरमौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए मिले 162 रन के लक्ष्य को ज्यादा परेशानी के बिना हासिल कर लिया।

## हिना खान ने कैंसर से अपनी जंग के बारे में बात की



मुंबई । अभिनेत्री हिना खान ने इंडियाज़ बेस्ट डांसर वर्सेस सुपर डांसर- चैंपियंस का टशन में कैंसर से अपनी जंग के बारे में बात की। इंडियाज़ बेस्ट डांसर वर्सेस सुपर डांसर- चैम्पियंस का टशन का आगामी एपिसोड मकरसंक्रांति के उत्सव को और भी शानदार बनाने का वादा करता है। हर्ष लिंबाचिया की मेज़बानी वाले इस डांसरियलिटी शो में मलाइका अरोड़ा टीम इंडियाज़ बेस्ट डांसर की गौरवशाली मालकिन हैं, जबकि गीता कपूर टीम सुपर डांसर की असाधारण युवा प्रतिभाओं की मेंटर हैं। इसरोमांचक मुकाबले पर मशहूर कोरियोग्राफ़र/निर्देशक रेमो डिसूज़ा की पैनी नज़र है, जो सुनिश्चित कर रहे हैं कि यह मुकाबला निष्पक्ष होने के साथ ही बेहद दिलचस्प रहे। इस एपिसोड में मशहूर अदाकारा हिना खान भी शामिल होंगी, जो अपनी नई ड्रामा वेबसीरीज़ गृहलक्ष्मी के प्रमोशन पर आई थीं। हिना ने कैंसर से जूझने के अपने प्रेरक सफर के बारे मेंबताया, जिससे जज, प्रतियोगी और दर्शक बेहद प्रभावित हुए। इस बीमारी के निदान के वक्त को याद करते हुए हिना ने कहा,जिस रात मुझे पताचला, उस रात मेरा पार्टनर घर आया, जब मैं डिनर कर रही थी। डिनर करने के बाद, उन्होंने मुझे बताया कि रिज़ल्ट पॉजिटिव थे, और उनके आंसू गिरने लगे। यह बात मुझे बहुत बुरी लगी; 10 मिनट तक मैं चुप रही। उन्होंने उस मार्मिक पल को याद किया जिसने उनका नज़रिया बदल दिया। मैंने अपने भाई के साथ फालूदा का ऑर्डर दिया था। जब डिलीवरी के लिए घंटी बजी, तो ऐसा लगा कि 'घर में मीठा आया है।' वह फालूदा मेरे लिए महत्वपूर्ण मोड़ बन गया। निराश होने के बजाय, मैंने सकारात्मक रहने का फैसला किया।हमने साथ में फालूदा खाया और फिर हम सो गए। अपने इलाज के दौरान, हिना ने बहुत अधिक साहस और दृढ़ संकल्प दिखाया। उन्होंने बताया कि कैसे उनकी सर्जरी, जिसमें 8 घंटे लगने की उम्मीद थी, 15 घंटे लग गए। फिर भी, जागने पर उनका पहला विचार उनके केयरगिवर्स के लिए था। जब वे मुझे ओटी से बाहर ले गए, तो हर कोई गेट पर खड़ा था। मैं उन्हें देखकर मुस्कुराई, उनका हाथ थामा, और उस मुस्कान ने सब कुछ बदल दिया।

## 10 जनवरी पर ज़ी सिनेमा पर होगा 'अरणमनै 4' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

मुंबई । हॉरर कॉमेडी फिल्म 'अरणमनै 4' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, जी सिनेमा पर 10 जनवरी को होगा। 'अरणमनै' सीरीज़ का चौथा हिस्सा पूरी तरह से सस्पेंस, कॉमेडी और सुपरनैचुरल एलिमेंट्स से भरा हुआ है। इसमें तमन्ना भाटिया, राशि खन्ना और सुंदर सी मुख्य भूमिका में हैं। इस सीरीज का निर्देशन हॉरर के मास्टर सुंदर सी ने किया है। इस फिल्म की कहानी में रूप बदलने वाला एक खतरनाक दैत्य बाक है, जो एक गांव का सुकून-शांति बर्बाद करने के साथ-साथ एक परिवार का भविष्य भी अंधेरे में डाल देता है।

जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, दर्शक एक रहस्यमयी हवेली, विचित्र रस्में और जबर्दस्त सस्पेंस देखेंगे। अरणमनै 4 का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, ज़ी सिनेमा पर रात आठ बजे से होगा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित कर एनएच-34 पर फ्लाईओवर निर्माण की मांग को लेकर एडीएम ( वित्त एवं राजस्व )को ज्ञापन सौंपा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस







बुलंदशहर। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने एनएच-34 पर बढ़ती दुर्घटनाओं और खराब यातायात व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अभिषेक कुमार को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई ि
क बुलंदशहर नगर के भूड़ चौराहे से अडोली तिराहा तक एनएच-34 पर स्थित खतरनाक कट पर तुरंत फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाए और इस पर से प्रतिदिन हजारों वाहन नरोरा, डिबाई, पहासू, शिकारपुर, अनूपशहर, आहार, जहांगीराबाद, सयाना, औरंगाबाद जैसे कस्बो से होते हुए बुलंदशहर भूड चौराहे से एन एच 34 से पंजाब, दिल्ली, नोएडा, और गाजियाबाद की ओर आवागमन करते हैं। जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने बताया कि इस कट पर तेज रफ्तार वाहनों के चलते पहले भी कई भयावह दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें जान-माल की भारी हानि हुई है। पिछले वर्ष एक बस और ट्रक की टक्कर में कई लोगों की जान चली गई थी और कई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। खराब यातायात व्यवस्था के कारण यहां सुबह और शाम भारी जाम लगता है, जिससे स्थानीय निवासियों, स्कूली बच्चों, कार्यालय जाने वालों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है।
जैसे जयपुर जैसी किसी बड़ी दुर्घटना की संभावना यहां पर हर समय बनी रहती है भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मांग की है कि यहां फ्लाईओवर का निर्माण कर दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जाए और यातायात को सुचारु बनाया जाए। यह न केवल स्थानीय निवासियों के लिए सुरक्षा प्रदान करेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए राहतकारी साबित होगा। इस ज्ञापन को देने में व्यापारी बंधु जिला मीडिया प्रभारी युगल गोस्वामी, संरक्षक विनोद चौधरी, सुंदर सिंह, माजिद गाजी, सत्यवीर सिंह, आकाश अग्रवाल, रईस अब्बासी, यशपाल चौधरी, आकाश गुप्ता, साजिद गाजी, मुकुल गोयल, रमन शर्मा, गुफरान गाजी, ओमवीर राजपूत, पप्पन खान , राहुल चौधरी, मुनेश कुमार ,प्रदीप गिरी, अरुण गिरी ,अमित चौधरी, पुष्पेंद्र चौधरी, सहित अन्य सम्मानित उपस्थित रहे।

## क्षेत्रीय विधायक द्वारा जनता का सेवक बनाकर की जा रही है निरंतर सेवा अपने आवास पर सुनते हैं लोगों की समस्याएं



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । सिकंदराबाद लोकप्रिय विधायक लक्ष्मी राज द्वारा सिकंदराबाद आवास पर आए क्षेत्र के समस्त सम्मानित जनों से शिष्टाचार भेंट कर उनकी समस्या सुनी तथा संबंधित अधिकारियों से बात कर त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया ! विधायक लक्ष्मी राज सिंह सिकंदराबाद जनता के बीच 24 घंटा उपस्थित रहते हैं और तत्काल समस्या का समाधान करते हैं चाहे विकास का कार्य हो या जनता सेवा की सेवा कोई भी कार्य हो 24 घंटा उपस्थित रहते हैं! क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मी राज सिंह का यह सराहनीय कार्य उन्हें अपने क्षेत्र में सबसे लोकप्रिय विधायक बनाए हुए हैं !

## विद्युत मुखबिरी को लेकर हुए हमले में एक महिला सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। गुलावठी मोहल्ला फ़ज़रुल्ला में कल विद्युत मुखबिरी के शक में एक दुकानदार द्वारा दूसरे दुकानदार पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित दुकानदार विजेंद्र सिंह पुत्र जबर सिंह निवासी मेहरबानपुरा की तहरीर पर भोला, संजू ,सबल तथा माया के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 की धारा 3 (5), 333, 352, 115 (2), 118 (1) , 131 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों पर कार्रवाई कर दी है! घायलों की हालत गंभीर देखते हुए हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया था! कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है! चौथे आरोपी की तलाश की जा रही है किसी भी हाल में कस्बे की अमन शांति को भंग नहीं होने दिया जाएगा दोषियों के खिलाफ सबसे सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पेड़ों काटने वालों पर नई मंडी पुलिस चौकी के मेहरबान होने का लगा आरोप



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। गिलावठी नई मंडी पुलिस चौकी पर आरोप लगा है कि चौकी पुलिस अवैध वृक्ष कटान वालों पर खास मेहरबान है आरोप में कहा गया है कि 18 अगस्त 2024 को गुलावठी नई मंडी चौकी को सौंपे गए हरे पेड़ और आरोपी के खिलाफ पुलिस ने तब ही कार्रवाई क्यों नहीं की थी ये सवाल इस मामले में मुंह फाड़े खड़ा है। चर्चा तो ये भी है कि आरोपी को पुलिस ने सांठ-गाठ कर छोड़ दिया ? या फिर उसे किसी अज्ञात केस में जेल भेज दिया है ?नई मंडी पुलिस की इस कार्यप्रणाली को देखकर ऐंचाना निवासी जुबैर ने एसएसपी के यहां रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ ही सीएम पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई। एसएसपी द्वारा फटकार लगाए जाने के बाद पुलिस इस केस की जांच में जुटी है जांच के बाद ही सारी सच्चाई सामने आएंगे।

## तीन नवंबर को जीयो कंपनी के टॉवर से दो आरबीएच हुए चोरी, दर्ज कराई रिपोर्ट

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। गुलावठी निकटम ग्राम छपरावत के पास लगे जीयो कंपनी के टॉवर से दो आरबीएच चोरी करने की टेक्नीशियन द्वारा दर्ज कराई है। टेक्नीशियन राजकुमार के अनुसार तीन नवंबर को चोरी की यह घटना हुई। उस वक्त 112 नंबर पर सूचना दी ! पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अपनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

## जिला अध्यक्ष के लिए 50 नामांकन एवं प्रदेश परिषद चुनाव के लिए 3 नामांकन हुए




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर में जिला चुनाव अधिकारी महेश गुप्ता ने बताया कि जिला अध्यक्ष के लिए 50 नामांकन एवं प्रदेश परिषद चुनाव के लिए 3 नामांकन हुए। जिला प्रभारी बसंत त्यागी ने संगठन चुनाव पर्व में जिला अध्यक्ष के चुनाव में बताया कि 53 नामांकन हुए हैं सभी जनप्रतिनिधियों से एक स्वस्थ चर्चा वार्ता सभी नाम को लेकर हुई है अब इसके उपरांत निर्णय प्रदेश नेतृत्व करेगा। चुनाव प्रक्रिया में प्रमुख रूप से जिला चुनाव अधिकारी महेश गुप्ता, प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी बसंत त्यागी, जिला सह चुनाव अधिकारी जयप्रकाश शर्मा, शंभू सिंह राघव रहे।

## भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बनने पर राजीव सैनी के घर बधाई देने वालों का लग रहा है तांता नगर पालिका अध्यक्ष एवं निवर्तमान मंडल अध्यक्ष द्वारा दी गई बधाई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। गुलावठी भाजपा द्वारा राजीव सैनी को नगर मंडल अध्यक्ष घोषित किए जाने से नगर में हर्ष का माहौल है बधाई देने वालों का तांता उनके घर पर लगा हुआ है नगर के सभी गणमान्य लोग उनके घर पर बधाई देने के लिए निरंतर आ रहे हैं ! इसके अतिरिक्त जिले के वरिष्ठ नेताओं द्वारा भी फोन के द्वारा उन्हें बधाई संदेश दिए जा रहे हैं! इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष ने उनको जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उसका निर्वाह पूरी जिम्मेदारी से करेंगे नगर मंडल अध्यक्ष बनने पर राजीव सैनी ने शीर्ष नेतृत्व का भी आभार व्यक्त किया है ! बधाई देने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया निवर्तमान नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र तेवतिया ने राजीव सैनी के आवास पर पहुंचकर उनको शुभकामनाएं दी इसके अतिरिक्त ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष त्रिलोकचंद शर्मा सभासद अनिमेष अगस्तिन भाजपा नेत्री विद्यावती तोमर उमा चौधरी मीनू गोयल मदन गोपाल अमरीश गोयल वैभव वर्मा अजय गर्ग राजू वर्मा गुड्डू सैनी अनिल शर्मा राजेश निराला प्रदीप शर्मा सभासद गगन प्रजापति हिमांशु सैनी नीरज सैनी गजेंद्र फौजी केशव सैनी गौतम सैनी परमानंद सैनी रजनी सैनी दिवाकर सैनी गौरव तेवतिया मुन्नू पंडित प्रमोद शर्मा युवा समाजसेवी संजय बिलाल सोनू हेमंत कंसल विपिन गोयल सभासद नाजिम मुकदम पवन शर्मा राजीव अग्रवाल शोभित गर्ग हिमांशु गोयल डालचंद सैनी राहुल शास्त्री अनुराग तोमर रामकुमार कौशिक के अतिरिक्त नगर की सैकड़ो की संख्या में नागरिक उनके आवास पर बधाई देने के लिए पहुंचे।

## भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान ने बैठक आयोजित की



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान ने बैठक आयोजित की जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीषा सिंह ने संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा की साथ ही कहां की हमारा संगठन कैसे मजबूत हो इसके लिए हम सभी को अधिक से अधिक लोगों को संगठन में जोड़ना है और संगठन को मजबूत करना है वही उन्होंने ठाकुर दुष्यंत सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा के पद से मनोनीत किया गया साथ ही काफी लोगों ने सदस्यता ग्रहण करी ठाकुर दुष्यंत सिंह ने बताया की वह संगठन के साथ मिलकर किसानो की आवाज को बुलंद करेंगे साथ जिले के पदाधिकारी गौरव तेवटिया समर अंजुम आदि कार्यकर्ता मुजूद रहे




## अज्ञात शव की पहचान हेतु बुलन्दशहर पुलिस की मदद करें

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा तहसील-स्याना में बिरौली में स्थित इशिया फ्लोर मिल पर छापामार कार्यवाही



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। स्याना जिलाधिकारी के निर्देशानुसार की गई इस छापामार कार्यवाही के दौरान संचालित फ्लोर मिल में सेलखड़ी, भूसी, मिलाकर आटा तैयार किया जा रहा था। मौके पर फैक्ट्री के मालिक ध्रुव शर्मा, निवासी ग्राम लड़ाना वर्तमान पता आवास विकास कालोनी, जनपद-बुलन्दशहर मौजूद थे। फ्लोर मिल में इनके बेटे शान्तनु शर्मा (डायरेक्टर) है। शान्तनु शर्मा मौके पर नहीं थे, जब पूरी फैक्ट्री का निरीक्षण किया तो एक स्टोर में 50 किग्रा0 के 176 बैग (कुल मात्रा 90 कुन्टल) सेलखड़ी का स्टाक मिला। फ्लोर मिल में पैकिंग स्थल पर आटे में मिलाने हेतु सेलखडी मिली। साथ ही गेहूँ में सेलखड़ी एवं चावल की किनकी और भूसी मिलाकर उनको पीसा जा रहा था। यहाँ से सेलखड़ी पाउडर, 02 आटे के नमूने, चावल की किनकी (कुल-05 नमूने) संग्रहित किये गये है। तथा फ्लोर मिल में मिली सेलखड़ी की 50 किग्रा0 की 176 बैग (अनुमानित मूल्य लगभग 90000/-) को सीज किया गया है। इसके द्वारा रात्रि में मिलावटी आटा तैयार कर जनपद में और आस-पास के जनपदों और दिल्ली में बेचने के बारे में इसके द्वारा जानकारी दी गयी है। इसके साथ ही इसी फ्लोर मिल के बराबर में एक वेयर हाउस में कुछ फूड आईटम संग्रहित करने की जानकारी मिली टीम द्वारा उसका भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस में स्किम्ड मिल्क पाउडर का भण्डारण किया जाता पाया गया। मौके पर स्टोर इन्चार्ज और एक बैंक प्रतिनिधि मौजूद मिले इन्होने बताया कि यह आन्नंदा डेयरी वालों का स्किम्ड मिल्क पाउडर भण्डारित किया गया है। मौके पर जानकारी करने पर पता चला कि यहाँ इनके पास कोई फूड लाइसेंस नही है। बिना लाइसेंस के स्किम्ड मिल्क पाउडर को भण्डारित किया जा रहा था। मौके से स्किम्ड मिल्क पाउडर के दो अलग-अलग ब्रांड के 02 नमनें जॉच हेतु संग्रहित किये गये हैं, एवं भण्डारित लगभग-45000 हजार बैग्स (अनुमानित मूल्य 44 करोड़ रूपये) की खरीद बिक्री पर तत्काल प्रभव से अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी गयी है। तथा कम्पनी को नोटिस जारी किया जा रहा है। सभी नमूनें एकत्रित कर जॉच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजे जा रहे है। प्रयोगशाला से जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की सुसंगत धाराओं मे मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। उक्त कार्यवाही के दौरान टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सनजीत कुमार, महेश कुमार, अनिल कुमार कौशल, कमलेश कुमार, तथा सेनेट्री सुपरवाईजर बिहारी लाल शुक्ला मौजूद रहे।

## जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। बुलंदशहर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा राजपाल यादव का देहांत हो जाने के कारण जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें समाजवादी पार्टी के सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए जिसमें मुख्य रूप से मतलूब अली जिलाध्यक्ष विजय कुमार त्यागी जिला महासचिव हाजी अख्तर विधानसभा महेंद्र बाल्मीकि मुकेश शर्मा प्रेमवीर यादव जारा खान जाकिर बबलू सफीक चौधरी सुनील त्यागी शंभू चौधरी आस मोहम्मद मनीष शर्मा अजय विद्यार्थी कासिम प्रधान सुरेश सिंह प्रजापति ललित लोधी जावेद चुन्नू कुरेशी आमदनी जगबीर यादव मुकेश यादव संजीव अंसारी चरण सिंह लोधी मनोज यादव राहुल गुर्जर यासमीन तलाक आसमानी हामिद अली आदि सैकड़ो कार्यकर्ता शोक सभा में मौजूद रहे

## हैंड पंप व्यापार मंडल के वर्ष 25/26 पदाधिकारीयों का पुनः गठन हुआ



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर में हैंड पंप व्यापार मंडल के वर्ष 25/26 पदाधिकारीयों का पुनः गठन हुआ जिसमें एक बार फिर अध्यक्ष पद के लिए राजीव सिंघल,महामंत्री हरीश अग्रवाल कोषाध्यक्ष शेखर गुप्ता व मंत्री मनीष कपासिया के नाम पर सर्व सहमति से एक मत प्रस्ताव पारित हुआ। नवनियुक्त पदाधिकारीगण ने सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद प्रेषित किया। मीटिंग में मौजूद रहे श्री मूलचंद गुप्ता,महेश मित्तल,अंबरीश जिंदल, बिशन स्वरूप, रोशन लाल मित्तल, कैलाश चंद्र गुप्ता, चौधरी देवेंद्र सिंह, अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे

## दर्जनों गाड़ियों के काफिले से सैकड़ो समर्थकों किसानों के साथ विधायक तहसील पहुंचे



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर तहसील में दर्जनों गाड़ियों के काफिले से सैकड़ो समर्थकों किसानों के साथ विधायक अनिल शर्मा तहसील पहुंचे जनता की आवाज लेकर विधायक के साथ राष्ट्रवादी किसान कामगार मंच के राष्ट्रीय सचिव जबर सिंह भी किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम व बिजली विभाग के एक्शन को कराया अवगत विधायक ने एसडीएम से कहा है कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर जल्द समाधान कराया जाए विधायक अनिल शर्मा जनता की आवाज बनकर अधिकारियों से करेंगे हर समय वार्ता एसडीएम ने आश्वासन दिया है कि किसानों की समस्याओं को सुनकर जल्द करा जाएगा हल किसानों ने कहा है कि शिकारपुर तहसील में भ्रष्टाचार पनप रहा है उधर किसानों ने कहा तहसील में कदम कदम पर प्राइवेट लोग काम कराने के नाम पर करते है अवैध वसूली लगानी होगी रोक ।

## 02 अभियुक्तों को चोरी किया इन्वर्टर, बैटरा व घटना में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना चोला पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों को चोरी किया इन्वर्टर, बैटरा व घटना में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना चोला पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-1.जितेन्द्र पुत्र ज्ञानप्रकाश निवासी ग्राम भोपतपुर थाना ककोड़ जनपद बुलन्दशहर। 2.धर्मेन्द्र पुत्र नानकचन्द्र निवासी उपरोक्त। बरामदगी-1.01 इन्वर्टर व 01 बैटरा (चोरी किया गया) 2.01 बाइक नं0 UP-vxCE-1745 (घटना में प्रयुक्त) गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 07-01-2025 को थाना चोला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नैथला हसनपुर के बाहर शिव मंदिर से इन्वर्टर व बैटरा चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना चोला पर मुअसं- 03/25 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम-1.श्री लोकेश प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना चोला 2.उ0नि0 संदीप सरोज 3.है0का0 जितेन्द्र कुमार, है0का0 चन्द्रवीर सिंह, का0 अरविन्द कुमार

# 57 सीबीआई उप-निरीक्षकों (29वें बैच) की पासिंग आउट परेड (पीओपी) आयोजित की गई






उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

गाजियाबाद । केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के 57 उप-निरीक्षकों (29वें बैच) की पासिंग आउट परेड (पीओपी) आज (09 जनवरी, 2025) सीबीआई अकादमी, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) में आयोजित की गई। इस समारोह में सीबीआई के निदेशक श्री प्रवीण सूद मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर बोलते हुए, निदेशक सीबीआई श्री प्रवीण सूद ने युवा अधिकारियों एवं उनके परिवारों को सीबीआई अकादमी द्वारा दिए गए प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु बधाई दी, जिसमें आधुनिक एवं नए युग के जांच उपकरणों सहित जांच के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया ताकि वे भविष्य के लिए तैयार रहें। उन्होंने युवा अधिकारियों के कौशल को निखारने की दिशा में कड़ी मेहनत करने हेतु सीबीआई अकादमी के अधिकारियों व कर्मियों की भी सराहना की। अधिकारियों के समूह का उल्लेख करते हुए, श्री सूद ने संतोष व्यक्त किया कि इस बैच में महिला अधिकारियों की संख्या सबसे अधिक में से है। श्री सूद ने कहा कि सीबीआई में मंत्रालयीय कार्मिक (ministerial staff) के रूप में कार्य करने से लेकर अब पुलिस अधिकारी के रूप में पात्रता प्राप्त करने तक, इन अधिकारियों में एक बड़ा बदलाव आया है।

ज्ञान की सदैव चाह रखने का आह्वान करते हुए, निदेशक सीबीआई श्री प्रवीण सूद ने उनसे कहा कि ज्ञान एवं कौशल-उन्नयन की खोज में अपने वरिष्ठों से सवाल पूछने में कभी संकोच न करें। निदेशक सीबीआई श्री प्रवीण सूद ने अधिकारियों से उद्यमिता, निष्पक्षता एवं सत्यनिष्ठा के सीबीआई मोटो(motto) से प्रेरणा लेते हुए अनुशासन के उच्च मानकों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे बिना किसी शक, बेदाग आचरण के साथ 24×7 पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि सीबीआई, किसी भी तरह की चूक के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति रखती है एवं इस बात पर जोर दिया कि किसी को लाभ अथवा हानि पहुंचाने हेतु की गई गलती को माफ नहीं किया जाता है। श्री सूद ने परिवारों से अपने अधिकारियों का समर्थन करने का भी आह्वान किया, जिन्हें अपने कर्तव्यों का पालन करने हेतु बड़े बलिदान देने होंगे। लिमिटेड डिपार्टमेन्टल कॉम्पिटीटिव एग्जामिनेशन(Limited Departmental Competitive E&amination) उत्तीर्ण करने के पश्चात्, 18 जून 2024 को अपने बुनियादी प्रशिक्षण हेतु सीबीआई अकादमी में शामिल हुए उप-निरीक्षकों का 29वां बैच आज 9 जनवरी 2025 को पास आउट हुआ। माननीय निदेशक सीबीआई ने पासिंग आउट समारोह की अध्यक्षता की। इस बैच में 57 अधिकारी शामिल हैं, जिनमें विविध शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले कार्मिक शामिल हैंद्य इसमें से 25 बीए, 8 बी.कॉम, 12 बीएससी, 2 बी.टेक, 1 बीसीए, 8 एमए एवं 1 एम.कॉम डिग्रीधारक है। अपने संस्थागत प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, अधिकारी अब सीबीआई की विभिन्न शाखाओं में शामिल होने के लिए तैयार हैं, जिससे एजेंसी के कार्यबल को मजबूती मिलेगी और कानून को बनाए रखने की प्रतिबद्धता बढ़ेगी। यह समारोह देश की प्रमुख जांच एजेंसी के साथ उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। समारोह के दौरान, सीबीआई के निदेशक श्री प्रवीण सूद ने विजेता प्रशिक्षु अधिकारियों को पदक एवं ट्रॉफी भी वितरित की। श्री प्रदीप कुमार को सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड एसआई प्रशिक्षु हेतु डीपी कोहली ट्रॉफी एवं इनडोर अध्ययन हेतु डीसीबीआई ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। सुश्री दिव्या त्रिवेदी को साइबर अपराध जांच हेतु ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, जबकि सुश्री के.एस. मेघा को समर्पण एवं अनुकरणीय आचरण हेतु सीबीआई अकादमी ट्रॉफी और श्री सिया राम मीना को सर्वश्रेष्ठ आउटडोर हेतु जॉन लोबो ट्रॉफी मिली।

समारोह में सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों में श्री एन वेणुगोपाल, अपर निदेशक; श्री मनोज शशिधर, अपर निदेशक; श्री एवाईवी कृष्णा, अपर निदेशक; डॉ. पद्मिनी सिंह, अभियोजन निदेशक; अन्य विभागों एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी सम्मिलित हुए।

# जनपद हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार को हल्की बारिश की संभावना है जिससे लोगों को सर्दी का सामना करना पड़ेगा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस
अमित कुमार

हापुड़। जनपद हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार को हल्की बारिश की संभावना है जिससे लोगों को सर्दी का सामना करना पड़ेगा। मौसम में बदलाव और हल्की बूंदाबांदी से तापमान पर सीधा असर पड़ेगा।

पिछले दिनों से जनपद हापुड़ में सर्दी का सितम जारी है। बुधवार की बात करें तो सुबह से ही मौसम साफ रहा और धूप खिली थी। धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत मिली और घरों की छत, पार्क में बैठकर लोगों ने धूप सेकी और सर्दी से थोड़ी राहत मिली लेकिन सुबह और रात के समय सर्द हवाओं के आगे लोग बेबस दिखाई दिए जो मजबूरन घरों में ही कैद रहे। गुरुवार की सुबह जनपद हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों में कोहरा छाने से दृश्यता पर सीधा असर पड़ा।

संभावना जताई जा रही है कि शुक्रवार तक तापमान में गिरावट होने के साथ ही ठंड का असर भी बढ़ेगा और शनिवार को बूंदाबांदी होगी। ऐसे में लोगों को सर्दी का सामना करना पड़ेगा।

# प्रधानमंत्री के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' के लिए 2.79 करोड़ से अधिक ने पंजीकरण कराया

नई दिल्ली । विद्यार्थियों के परीक्षा से जुड़े तनाव को उत्सव के माहौल में बदलने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी)-2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जोरों पर है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अब तक 2.79 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने पंजीकरण कर इसे राष्ट्रव्यापी आंदोलन का रूप दे दिया है। शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रमुख पहल परीक्षा पे चर्चा परीक्षा से जुड़े तनाव को उत्सव में बदलने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में आगे बढ़ रही है। पीपीसी के 8 वें संस्करण ने भारत और विदेशों के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से 2.79 करोड़ से अधिक पंजीकरण के साथ एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। यह उल्लेखनीय प्रतिक्रिया एक सच्चे जन आंदोलन के रूप में कार्यक्रम की बढ़ती प्रतिध्वनि को रेखांकित करती है। पीपीसी-2025 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण माईगॉव पोर्टल पर गत वर्ष 14 दिसंबर को शुरू हुआ था। यह पोर्टल 14 जनवरी तक खुला है। कार्यक्रम की अपार लोकप्रियता छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने और परीक्षाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में इसकी सफलता को उजागर करती है। शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला यह इंटरैक्टिव कार्यक्रम शिक्षा का एक बहुप्रतीक्षित उत्सव बन गया है। 2024 में पीपीसी का 7वां संस्करण दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में टाउन हॉल प्रारूप में आयोजित किया गया था। पिछले साल करीब 2.26 करोड़ विद्यार्थियों, अभिभावक और शिक्षकों ने पंजीकरण कराया था।

यह देशभर में विद्यार्थियों के बीच कार्यक्रम के व्यापक उत्साह को दर्शाता है। पीपीसी की भावना के अनुरूप, 12 जनवरी (राष्ट्रीय युवा दिवस) से 23 जनवरी (नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती) तक स्कूल स्तर पर कई आकर्षक गतिविधियों की श्रृंखला निर्धारित की गई है। इन गतिविधियों का उद्देश्य समग्र विकास को बढ़ावा देना और छात्रों को परीक्षाओं को उत्सव के रूप में मनाने के लिए प्रेरित करना है। इन गतिविधियों में स्वदेशी खेल सत्र, मैराथन दौड़, मीम प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, योग-सह-ध्यान सत्र, पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिताएं, प्रेरणादायक फिल्म स्क्रीनिंग, मानसिक स्वास्थ्य कार्यशालाएं और परामर्श सत्र, कविता, गीत और प्रदर्शन शामिल हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से पीपीसी 2025 सीखने में लचीलापन, सकारात्मकता और खुशी के अपने संदेश को पुष्ट करता है, यह सुनिश्चित करता है कि शिक्षा को दबाव-चालित कार्य के बजाय एक यात्रा के रूप में मनाया जाए।

# यूट्यूबर ने की एटीएम में कैश जमा करने वाली कंपनी से 10 लाख की चोरी, बॉलीवुड जाने का था सपना, गिरफ्तार



नोएडा । नोएडा के थाना फेस-1 पुलिस ने एटीएम में रुपये डालने वाली हिताची कंपनी से 10 लाख रुपये की चोरी करने वाले कंपनी के पूर्व कर्मचारी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चोरी के 10 लाख रुपये भी बरामद कर लिए। पुलिस ने हिताची कैश मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से 10 लाख रुपये की चोरी करने वाले जॉनी कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नोएडा सेक्टर-2 स्थित कंपनी में नौकरी करता था। उसके पिता और भाई हलवाई हैं। लेकिन, उसे यह काम पसंद नहीं था। उसे यूट्यूब पर वीडियो बनाने का शौक है। उसने लव मैरिज की है और परिवार खोड़ा में रहता है। उसने पुलिस को बताया कि लव मैरिज से नाराज होकर परिजनों ने उसे घर से निकाल दिया था। घर से निकाले जाने के बाद वह पत्नी के साथ किराये पर कमरा लेकर खोड़ा में रहता है। उसने अगस्त और सितंबर में कंपनी में काम किया था। घर से निकाले जाने के बाद उसने पिता के एक लाख रुपये गायब कर दिए थे। आरोपी जॉनी ने पुलिस को बताया कि उसके यूट्यूब चैनल पर गाने को लोग काफी पसंद करते थे। वह इसी तरह के गाने बनाकर बॉलीवुड में करियर बनाने का सपना देख रहा था। उसे उम्मीद थी कि बॉलीवुड में जरूर सफलता मिलेगी। उसे पैसों की जरूरत थी। शादी के बाद खर्चे भी बढ़ गए थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी कंपनी में काम कर चुका था, उसे कैश से जुड़ी सारी जानकारी प्राप्त थी। 8 जनवरी को वह कैश वैन के साथ ही कंपनी के अंदर मास्क लगाकर चला गया। फिर, 10 लाख की चोरी की। उसने चोरी किए गए रुपये को किराए के कमरे में रख दिया था। लेकनि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रुपये बरामद कर लिए।

# एयरो इंडिया के लिए राजदूतों की गोलमेज बैठक की अध्यक्षता करेंगे राजनाथ

नई दिल्ली । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले महीने होने वाली प्रतिष्ठित रक्षा प्रदर्शनी एयरो इंडिया से पहले शुक्रवार को यहां राजदूतों की गोलमेज बैठक की अध्यक्षता करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 150 से अधिक मित्र देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों को निमंत्रण पत्र भेजा गया है। बैठक में उन्हें एयरो इंडिया 2025 के प्रमुख कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी जाएगी और संबंधित देशों के वरिष्ठतम नेतृत्व को रक्षा मंत्री की ओर से व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रक्षा मंत्रालय और सशर्सू बलों के वरिष्ठ अधिकारी भी भाग लेंगे। एशिया के सबसे बड़े एयर शो एयरो इंडिया का 15वां संस्करण 10 से 14 फरवरी तक कर्नाटक के बेंगलुरु में वायु सेना स्टेशन, येलहंका में आयोजित किया जायेगा। पांच दिन की प्रदर्शनी में पूर्वावलोकन कार्यक्रम, उद्घाटन समारोह, रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन, सीईओ राउंड-टेबल, आईडीईएक्स स्टार्ट-अप समारोह, शानदार एयर शो, इंडिया पैवेलियन से युक्त एक बड़ा प्रदर्शनी क्षेत्र और वैमानिकी कंपनियों का एक व्यापार मेला आयोजित किया गया है। इसका मुख्य विषय 'अरबों अवसरों का रनवे' है। प्रदर्शनी के पहले तीन दिन 10, 11 और 12 फरवरी व्यावसायिक दिन रहेंगे जबकि 13 और 14 फरवरी को सार्वजनिक दिन के रूप में लोग एयर शो देख सकेंगे। यह कार्यक्रम विदेशी और भारतीय कंपनियों के बीच भागीदारी और स्वदेशीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए वैश्विक मूल्य कड़ी में नई संभावनाएं खोजने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

# मुख्यमंत्री के मंच से महिला थाना प्रभारी अरुणा रॉय लखनऊ में शौर्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो





हापुड़। महिला थाना प्रभारी अरुणा राय को लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं को जागरूक करने और अपराध पर अंकुश लगाम लगाने के लिए शौर्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

उनको यह पुरस्कार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री की मौजूदगी में मिला। दोनों ने महिला थाना प्रभारी के कार्यों की प्रशंसा की।

महिला थाना प्रभारी अरूणा राय ने बताया कि प्रदेश सरकार का सबसे महत्वपूर्ण मिशन मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला थाना टीम द्वारा जगह-जगह पर महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर चौपाल भी लगाई गई। जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं और युवतियों के संचालित की जा रही योजनाओं के साथ-साथ हेल्पलाइन नंबरों को भी दबोचा था।

उन्होंने बताया कि बीती 06 जनवरी को लखनऊ में एक कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में किया गया। जिसमें उपमुख्यमंत्री भी शामिल हुए। जिसमें उन्हें शौर्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति के तहत किए गए कामों की भूरी-भूरी प्रशंसा भी की।

# जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु 85 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली तथा 65 अभियुक्तों पर गैंगस्टर की कार्यवाही की गयी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

बुलंदशहर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार के आदेशानुसार जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा अपाधियों पर निगरानी रखने हेतु 85 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी तथा दिनांक 01-01-2025 को 15 अभियोग पंजीकृत करते हुए 65 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही की गयी। जिसमें लूट, चोरी, नकबजनी, गौवध, जुआ, अवैध शस्त्र/शराब, मारपीट, अपहरण, हत्या, हत्या का प्रयास सहित अन्य घटनाओं के आरोपी शामिल हैं

# सड़क सुरक्षा महा को लेकर विद्यालय में आयोजित यातायात नियमों की दिलाई शपथ अभियान के माध्यम से बच्चों को किया जागरूक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
अमित कुमार





हापुड़। उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ में सड़क सुरक्षा महा के अंतर्गत एक इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा को लेकर विद्यालय में प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 3000 छात्रों ने शपथ ग्रहण की और बच्चों को यातायात दिया मौका पालन करने के लिए प्रेरित किया। एडिशनल एसपी सिओ नगर व एआरटीओ सहित टी स ई ओंकार सिंह सहरावत की मौजूदगी में स्कूल में कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध किया है। छात्र-छात्राओं को ओंकार सिंह सहरावत ने बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया और वही टीआई ने सभी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के अंतर्गत नियम से वाहन चलाने की शपथ दिलाई। इस दौरान एआरटीओ रमेश चंद्र चौबे ने बताया कि हर बार सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए एक अभियान चलाया जाता है जिसके अंतर्गत इस बार भी जनवरी माह में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें तमाम स्कूल कॉलेज में जाकर ओंकार सिंह सहरावत द्वारा युवाओं को जागरूक किया जा रहा है कि वो नियम से वाहन चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें। वहीं इस दौरान उन्होंने बताया कि कोहरे में अक्सर हादसे होने की संभावना ज्यादा बढ़ जाती है जिसको लेकर सभी वाहन चालक नियमित स्पीड से ही वाहन को चलाएं और शराब पीकर या रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं।

# जापानी प्रतिनिधिमंडल ने मेडिकल डिवाइस पार्क का किया दौरा

ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा में यमुना प्राधिकरण के मेडिकल डिवाइस पार्क समेत अन्य परियोजनाओं का दौरा जापानी प्रतिनिधिमंडल ने किया है और जल्द ही निवेश के लिए कई एमओयू साइन होने की उम्मीद जताई जा रही है। यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया के मुताबिक जापानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यासुहिरो सेन्शो, एमडी सेन्शो गुमी, डॉ. सैमुअल जेके अब्राहम, केनजी शिबुया, सीईओ मेडिकल एक्सीलेंस जापान (एमईजे) और इकोनॉमिक रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर आसियान एंड ईस्ट एशिया (ईआरआईए) और साने सकुराई ने किया। सभी ने अपनी टीम के साथ गुरुवार को यमुना अथॉरिटी के कार्यालय का दौरा किया। यात्रा का मुख्य उद्देश्य यमुना प्राधिकरण में मेडिकल डिवाइस पार्क परियोजना, निवेश, निर्माताओं और अन्य भूमि विवरणों को समझना है। इन्होंने डॉ. जीएन. सिंह (सीएम के सलाहकार), शैलेन्द्र भाटिया (ओएसडी, वाईईआईडीए), प्रवीण मित्तल (मेडिकल डिवाइस पार्क के निर्यात संवर्धन परिषद के कार्यकारी निदेशक), राजेंद्र भाटी, जीएम प्रोजेक्ट, डॉ. स्मिता सिंह, एजीएम-उद्योग और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक की शुरुआत मेडिकल डिवाइस पार्क पर प्रस्तुति के साथ हुई, जिसे शैलेन्द्र भाटिया और प्रवीण मित्तल ने पेश किया। इसमें यमुना प्राधिकरण के स्थान लाभ, एमडीपी-एफडीआई नीति, एमडीपी प्रोत्साहन आदि पर मुख्य ध्यान केंद्रित किया गया। दूसरी प्रस्तुति जापानी प्रतिनिधिमंडल के सीईओ ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस जापान (एमईजे) और इकोनॉमिक रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर आसियान एंड ईस्ट एशिया (ईआरआईए) ने दी। बैठक के दौरान, जापानी प्रतिनिधिमंडल ने कई एमओयू पर हस्ताक्षर करने में रुचि दिखाई है।

इसमें यमुना प्राधिकरण के साथ चिकित्सा उपकरण और प्रौद्योगिकी पार्क पर सहमति बन सकती है। स्वास्थ्य सेवा विभाग, उत्तर प्रदेश के साथ फार्मा अनुसंधान और नवाचारों को बढ़ावा देने पर सहमति बन सकती है। इन्वेस्ट यूपी के साथ हेल्थकेयर और मेडिकल टूरिज्म पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। इसके बाद यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ जापानी प्रतिनिधिमंडल सेक्टर-28 में मेडिकल डिवाइस पार्क की साइट के दौरे के लिए भी गया। यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक इस दौरे में जापानी प्रतिनिधिमंडल काफी उत्साहित दिखाई दिया और जल्द ही कई बड़े प्रोजेक्ट में निवेश को लेकर यमुना प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एमओयू साइन किया जा सकता है।

# उत्तर, मध्य, पूर्वी भारत में अगले चार दिन तक घने कोहरे का अनुमान

नई दिल्ली । देश के उत्तरी, मध्य और पूर्वी हिस्सों में अगले तीन से चार दिन तक घना से बहुत घना कोहरा छाये रहने का अनुमान जताया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों, उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में कल तक और 12 जनवरी को राजस्थान में रात और सुबह के समय घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने के आसार हैं। आईएमडी ने कहा, 11 और 12 जनवरी को बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अलग-अलग इलाकों में रात और सुबह के समय घने कोहरे की स्थिति बने रहने का अनुमान है । पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वी हवाओं के साथ इसके संपर्क के कारण 10 से 12 जनवरी के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने 11 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिम उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है, साथ ही 11 जनवरी को दक्षिण हरियाणा और राजस्थान में छिटपुट ओलावृष्टि के भी आसार व्यक्त किये हैं। इसमें 09 और 10 जनवरी को जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अलग-अलग हिस्सों में शीतलहर की स्थिति का भी अनुमान लगाया गया है। विभाग ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की उम्मीद है, इसके बाद धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। अगले दो दिन के दौरान पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव होने का अनुमान नहीं है, इसके बाद धीरे-धीरे तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। मछुआरों को सलाह दी गयी है कि वे नौ और 10 जनवरी को दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में तथा नौ, 11 और 12 जनवरी को मन्नार की खाड़ी और निकटवर्ती कोमोरिन क्षेत्र में न जाएं।

# आकाशवाणी का कुंभवाणी चैनल बताएगा महाकुंभ का हाल

नई दिल्ली । अगर आप किसी भी कारण से उत्तरप्रदेश में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक महाकुंभ का हिस्सा नहीं बन पा रहे हैं तो घबराने की जरूरत नहीं है सरकार अब आपको घर बैठे ऐतिहासिक महाकुंभ के दर्शन का आंखों देखा हाल सुनाने की व्यवस्था करने जा रही है। इसके लिए आपको ज्यादा कुछ नहीं करना है, अपने घर में रेडियो की व्यवस्था करनी होगी और ट्यून करना होगा आकाशवाणी का कुंभवाणी चैनल जो आपको ऐतिहासिक महाकुंभ की पल-पल की जानकारी आपके पास पहुंचाता रहेगा और आपको एहसास दिलाता रहेगा कि आप ऐतिहासिक नगरी प्रयागराज के महाकुंभ नगरी में शाही स्नान के साथ भ्रमण कर रहे हैं। इसको लेकर सरकार ने पूरा खाका तैयार कर लिया है और ऐतिहासिक महाकुंभ के पहले इस चैनल को ऑन एयर करने की तैयारी भी कर ली है, जिसके लिए ऐतिहासिक महाकुंभ कार्यक्रमों के सुगम प्रसारण के लिए आकाशवाणी की ओर से सेक्टर चार में अस्थाई स्टूडियो स्थापित किया जा रहा है। मेले में बनने वाले स्टूडियो से कुंभ के मुख्य स्नान पर्व, धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन, यज्ञ-अनुष्ठान, साक्षात्कार, दर्शन-पूजन और अध्यात्म की आभा का सजीव प्रसारण किया जाएगा। अधिकारियों से बातचीत के दौरान जो बातें बाहर निकलकर आई हैं उनके अनुसार कुम्भवाणी का प्रसारण 5 जनवरी से 12 मार्च तक होगा। कुंभवाणी का प्रसारण एफएम चैनल पर भी होगा। कुंभवाणी का प्रसारण 103.1 मीटर हर्ट्ज पर होगा। आकाशवाणी की ओर से मेले की हर गतिविधि को यू-ट्यूब पर देख व सुन सकते हैं। देश-विदेश में बैठे लोग भी ऐतिहासिक कुंभ मेले का आनंद ले सकते हैं। मेले का प्रसारण रोज सुबह 5.53 से रात 10.05 तक किया जाएगा। कुछ इस प्रकार से होंगे कुंभ के कार्यक्रम -1. सुबह 10.05 बजे धरोहर हमारे प्रयाग की 2. 11.30 बजे विविधता में एकता 3. 12.10 पर खोए हुए व्यक्तियों के बारे में जानकारी 4. दोपहर 2.30 बजे कुम्भ चर्चा 5. 6.15 अमृत वर्षा 6. शाम 7.31 बजे संगम तट से 7. 9.15 बजे कुम्भ नगरी से 8. रात 10 बजे अगले दिन कुम्भ नगरी के विवरण का प्रसारण

# समलैंगिक ग्राइंडर ऐप के माध्यम से लोगों को फंसाकर ब्लैकमेल करने वाले चार गिरफ्तार

नोएडा । नोएडा के थाना फेस-3 पुलिस ने चार ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो समलैंगिक ग्राइंडर ऐप के माध्यम से लोगों को फंसाकर उन्हें ब्लैकमेल कर उनसे पैसों की ठगी किया करते थे। उनके कब्जे से 12,700 रुपये व एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड व एक आरसी बरामद हुई है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया है कि 8 जनवरी को पीड़ित ने थाना फेस-3 पर शिकायत दी कि शनि, करन कुमार, रजत और तुषार ने पीड़ित से गूगल-पे खाते से 24,300 रुपये ट्रांसफर करा लिए हैं। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। 9 जनवरी को थाना फेस-3 पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपियों शनि, करन कुमार, रजत और तुषार को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से 12,700 रुपये व एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, एक आरसी बरामद हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ये लोग ग्राइंडर समलैंगिक ऐप के माध्यम से अलग-अलग आईडी बनाकर लोगों को अपने पास बुलाकर उन्हें डरा धमकाकर उनके पैसे ट्रांसफर करा लेते हैं व उनका सामान व कागजात ले लेते हैं। इन चारों ने मिलकर ग्राइंडर समलैंगिक ऐप पर अक्की गोस्वामी नाम की आई.डी. वाले लड़के को फंसाने का प्लान बनाया। इन्होंने शनि नाम की आई.डी. से आपस में चैट कर उसे बुलाया था तथा उसे लेने के लिए शनि को उसके पास भेजा था। जहां से उसे साथ लेकर ममूरा शनि के कमरे पर गए। प्लानिंग के मुताबिक इन लोगों ने पीड़ित की जेब से 4,000 रुपये निकाल लिए थे। उसके बाद आरोपियों ने पीड़ित को डराया धमकाया कि हम तुम्हारे समलैंगिक होने की बात तुम्हारे घरवालों व रिश्तेदारों को बता देंगे। इसलिए तुम्हारे खाते में जितने रुपये हैं ट्रांसफर करो। इसके बाद इन्होंने पीड़ितों के खाते से गूगल-पे के माध्यम से 14,300 रुपये व 10,000 रुपये पीड़ितों के भाई से शनि के खाते में कुल 24,300 रुपये ट्रांसफर कराए और पीड़ित का आधार कार्ड, पैन कार्ड व आरसी और पैसे लेने के लिए अपने पास रख लिया। पुलिस पूछताछ में इन्होंने बताया कि ये लोग ग्राइंडर समलैंगिक डेटिंग ऐप से लोगों को फंसाकर समाज में बदनामी का भय दिखाकर धोखाधड़ी करते हैं। ऑनलाइन ऐप पर प्रोफाइल मैचिंग के बाद चैट करते हैं, और इस तरह के तथ्य जुटा लेते हैं जिससे पीड़ित को बाद में ब्लैकमेल किया जा सके। गोपनीय बातों को सार्वजनिक करने के नाम पर पीड़ित को गुमराह करते हैं। जिससे पैसे निकलवा पाएं। ये आरोपी खुद की प्रीमियम प्रोफाइल बनाते हैं ताकि वह प्रमाणित लगे और पीड़ित को इनके इरादों पर शक न हो। उनको डरा-धमकाकर उनसे गलत तरीके से रुपये ट्रांसफर करा लेते हैं।

# दिल्ली पुलिस ने नौ साल से फरार हत्या के दोषी को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली । दिल्ली पुलिस ने करीब नौ साल पहले पैरोल पर छूटकर भागे 59 वर्षीय हत्या के एक दोषी को फिर से गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी किरण ने 2004 में नरेला में एक लड़के का अपहरण करके दो लाख रुपए की फिरौती मांगने के बाद उसकी हत्या कर दी थी। किरण और अन्य को 2007 में दोषी ठहराया गया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। पुलिस ने बताया कि जनवरी 2016 में उसे दो सप्ताह की पैरोल दी गई जिसके बाद वह फरार हो गया। वह पिछले नौ सालों से फरार था। पुलिस ने बताया कि कई टीम उसकी तलाश कर रही थीं और उन्होंने दिल्ली, उत्तर प्रदेश तथा पंजाब में छापेमारी की। पुलिस अधिकारी ने कहा, 'सफलता तब मिली जब टीम को पता चला कि किरण मुजफ्फरनगर में अपने पैतृक गांव में आया हुआ है। एक टीम को उस स्थान पर भेजा गया, जिसके परिणामस्वरूप उसे गिरफ्तार कर लिया गया।'

## दो बदमाशों को दनकौर पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार, चोरी का माल और अवैध हथियार बरामद

ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा के थाना दनकौर पुलिस और दो बदमाशों के बीच बीती देर रात चेकिंग के दौरान मुठभेड़ हुई। जिसमें दोनों बदमाश पुलिस की गोली से घायल होने के बाद गिरफ्तार हुए। इनके पास से चोरी का माल बरामद किया गया है और अवैध हथियार भी बरामद हुआ है। थाना दनकौर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 9 जनवरी को थाना दनकौर पुलिस गलगोटिया से सलारपुर अंडरपास की ओर जाने वाले सर्विस रोड पर चेकिंग कर रही थी। उसी वक्त सामने से एक रेहड़ा पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। जिन्हें रुकने का इशारा करने पर उन्होंने पुलिस टीम पर फायर कर दिया और भागने का प्रयास करने लगे। जिसके बाद पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की। जिसमें दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक घायल बदमाशों की पहचान फिरोज और नासिर के रूप में हुई है। बदमाशों के कब्जे से 2 अवैध तमंचे, 4 जिंदा कारतूस, 2 खोखा कारतूस, 10 सैटरिंग प्लेट और रेहड़ा बरामद हुए हैं। घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि यह बदमाश चोरी के माल को बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस को मुखबिर की खबर मिली और उसके बाद चेकिंग के दौरान इन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया है कि इन बदमाशों ने 3 जनवरी की रात में यमुना प्राधिकरण निकट गांव अट्टा फतेहपुर में पेटी ठेकेदार के यहां 10 सैटरिंग प्लेट के पीस चोरी किए थे। जिसके संबंध में थाना दनकौर पर मुकदमा दर्ज करवाया गया था। पुलिस के मुताबिक इन बदमाशों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## आईटीबीपी के जवान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में शौचालय में मिला

नोएडा । भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) की 39वीं बटालियन के एक जवान का शव ग्रेटर नोएडा में बृहस्पतिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में शौचालय में मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सज्जन सिंह (59) के रूप में हुई है जो सूरजपुर थाना क्षेत्र में स्थित आईटीबीपी की 39वीं बटालियन में सहायक उप निरीक्षक के पद पर तैनात थे। सूरजपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि आज सुबह वह शौचालय गए थे, उसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और सिंह के परिजनों को सूचित कर दिया है। कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा।

## कमरे में युवक का शव मिला

नोएडा । बरौला गांव में रहने वाले 36 वर्षीय युवक का शव गुरुवार सुबह उसके कमरे में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मूलरूप से मेरठ का रहने वाला नितिन बरौला गांव में किराये पर रहता था। उसने बुधवार रात अत्यधिक शराब पी ली थी। इसके चलते वह बरौला में एक नाले में गिर गया था। लोगों ने उसे नाले से निकाला तो वह भीगे कपड़ों में ही घर पहुंच गया और सो गया। गुरुवार सुबह वह कमरे से बाहर नहीं आया तो लोगों ने उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया। दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा खोला तो नितिन मृत मिला। माना जा रहा है कि अत्यधिक शराब पीने और पानी में भीगने के चलते ठंड लगने से उसकी मौत हुई। हालांकि, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होने की बात कह रही है।

## स्वाति मालीवाल ने किया बवाना विधानसभा क्षेत्र का दौरा, कहा- इलाके में नरक जैसे हालात

नई दिल्ली । राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने गुरुवार को दिल्ली के बवाना विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में जो नागरिक समस्याएं देखीं, उनके लिए उन्होंने दिल्ली सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आज तक ऐसी बुरी हालत किसी इलाक़े की नहीं देखी। मालीवाल ने आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल को बवाना विधानसभा का दौरा करने की चुनौती दी। स्वाति मालीवाल ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली की जनता गंदगी से परेशान है और केजरीवाल अपने शीशमहल में आराम कर रहे हैं। स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने दौरे की जानकारी साझा करते हुए कहा कि दिल्ली के बवाना विधानसभा इलाके में लोग नरक जैसी हालत में जीने के लिए मजबूर है। वहां सड़कों पर बहते सीवर की ऐसी बदबू है कि इंसान सांस ना ले पाए। सब नाले सीवर खुले पड़े हैं, आए दिन लोग इसमें गिर रहे हैं। मालीवाल ने कहा कि यहां पर पीने को पानी नहीं मिलता, टैंकर के सहारे ज़िंदगी चल रही है। इस पर भी टैंकर वालों की मनमानी की शिकार गरीब जनता पानी ख़रीदने को मजबूर है। सभी जगह सिर्फ़ कूड़ा ही कूड़ा है। स्वाति मालीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार पार्कों की सफाई और विकास के नाम पर करोड़ों रुपये डकार गई। मालीवाल ने कहा कि मैं आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल को चुनौती देती हूं कि वह इन इलाकों को देखे।

## लूटपाट में तीन गिरफ्तार, बाइक व अन्य सामान बामद



नई दिल्ली । शकरपुर पुलिस ने पैदल घर जा रहे व्यक्ति से लूटपाट के एक मामले में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि आरोपियों ने मदर डेयरी फ्लाईओवर के पास गत रविवार देर रात पीड़ित के साथ लूटपाट की थी। फिलहाल पुलिस ने इसके कब्जे से लूटा गया वॉलेट व ईयरफोन के अलावा वारदात में इस्तेमाल बाइक भी बरामद किया है। पुलिस पकड़े गये आरोपी त्रिलोकपुरी निवासी आकाश, पटपड़गंज निवासी आरिफ व पांडव नगर निवासी अमित भंडारी से पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता कपिल कुमार दक्षिणी गणेश नगर इलाके में रहते हैं। गत रविवार रात 11.30 बजे वह पैदल लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन से घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जब वे मदर डेयरी फ्लाईओवर के पास स्थित रेलवे ब्रिज पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें पकड़कर उनका मोबाइल फोन, ईयरफोन, सात सौ नकद, आधार व पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस लूट लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट कर धमकाने लगे। इसके बाद आरोपी मोटरसाइकिल पर बैठकर फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच करते हुए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व स्थानीय सूत्रों की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ लिया। उनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल के अलावा अन्य सामान बरामद कर लिया गया।

# दिल्ली में ठंड का सितम जारी, 6.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया तापमान



नई दिल्ली । दिल्ली में गुरुवार को तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। शीतलहर के चलते दिल्ली में मौसम की स्थिति खराब बनी हुई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार गुरुवार सुबह 5.30 बजे दिल्ली में 6.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बता दें कि मौसम विभाग ने दिन का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान लगाया है, जबकि अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। पिछले कुछ दिनों की तुलना में सुबह 5.30 बजे दर्ज किया गया तापमान 8 डिग्री से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। आईएमडी गुरुवार को शहर में घने कोहरे का अनुमान लगाया था। मगर शहर के विभिन्न हिस्सों से इसके विपरीत दृश्य सामने आए। जैसे-जैसे दिल्लीश में ठंड का प्रकोप बढ़ रहा है लोग रैन बसेरों में शरण ले रहे है। लोधी रोड पर बना एक रैन बसेरा खचाखच भरा नजर आया। दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) ने बेघरों को आश्रय देने के लिए 235 पैगोडा टेंट बनाए है। राष्ट्रीय राजधानी में एम्स, लोधी रोड और निजामुद्दीन फ्लाईओवर सहित विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरे बनाए गए हैं। राजधानी की वायु गुणवत्ता में मामूली अंतर से गिरावट आई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, सुबह सात बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 299 रहा। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को %संतोषजनक%, 101 से 200 को %मध्यम%, 201 से 300 को %खराब%, 301 से 400 को %बहुत खराब% और 401 से 500 को %गंभीर% माना जाता है। रविवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में उल्लेखनीय सुधार के बाद दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तहत चरण-III की कार्रवाई को रद्द कर दिया। हालांकि, अधिकारियों ने रविवार को कहा कि चरण-ढ्ढ और चरण-ढ्ढ के उपाय प्रभावी रहेंगे। यह निर्णय ग्रैप पर उप-समिति द्वारा वायु गुणवत्ता डेटा और आईएमडी/आईआईटीएम पूर्वानुमानों की समीक्षा के बाद लिया गया है, जिसमें एक्यूआई स्तरों में गिरावट का रुझान देखा गया है।

# दिल्ली की लड़ाई अब जाट आरक्षण पर आई, केजरीवाल ने कहा- पीएम और गृहमंत्री ने जाटों को धोखा दिया

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद अब आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने हमले को तीखा कर लिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अब दिल्ली चुनाव में जाट आरक्षण का मुद्दा लेकर सामने आए हैं और इस आरक्षण के नाम पर उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री को भेजे अपने पत्र में कहा है कि जाट समाज के साथ प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और भारतीय जनता पार्टी ने पिछले 10 साल से बहुत बड़ा धोखा किया है। दिल्ली सरकार की एक ओबीसी लिस्ट है। इस ओबीसी लिस्ट में जाट समाज का नाम आता है। लेकिन केंद्र सरकार की ओबीसी लिस्ट में दिल्ली का जाट समाज नहीं आता है। तो दिल्ली यूनिवर्सिटी में जब बच्चे एडमिशन लेने जाते हैं तो उसमें दिल्ली के जाट समाज को रिजर्वेशन नहीं मिलता। केंद्र सरकार के किसी भी कॉलेज में या यूनिवर्सिटी में जाते हैं या केंद्र सरकार के किसी भी संस्था जैसे दिल्ली पुलिस या डीडीए में नौकरी लेने जाते हैं तो दिल्ली के जाट समाज को उसमें रिजर्वेशन नहीं मिलता। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि बड़ी दिलचस्प बात है कि दिल्ली यूनिवर्सिटी में जब एडमिशन लेने जाते हैं तो राजस्थान के जाट समाज को रिजर्वेशन मिलता है। लेकिन दिल्ली के जाट को कॉलेज में रिजर्वेशन नहीं मिलता। यह तो हमारे पूरे दिल्ली के जाट समाज के भाइयों और बहनों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। केजरीवाल ने कहा कि पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने जाट समाज के नेताओं को चार बार अपने घर बुला कर आश्वासन दिया, भरोसा दिया, वचन दिया, गारंटी दी कि दिल्ली के जाट समाज को केंद्र की ओबीसी लिस्ट के अंदर डाला जाएगा। 26 मार्च 2015 को प्रधानमंत्री मोदी जी ने दिल्ली जाट समाज के प्रतिनिधियों को अपने घर



बुलाकर यह वादा किया कि केंद्र की ओबीसी लिस्ट में दिल्ली के जाट समाज को शामिल किया जाएगा। उसके बावजूद 8 फरवरी 2017 को अमित शाह ने उप चुनाव से पहले चौधरी वीरेंद्र सिंह के घर पर देश के जाट नेताओं को यह वादा किया कि जो स्टेट लिस्ट में ओबीसी जाति है उनको केंद्र की लिस्ट में जोड़ा जाएगा, फिर भी नहीं किया। 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली में प्रवेश वर्मा के आवास पर अमित शाह जाट नेताओं से मिले, फिर वादा किया कि दिल्ली के जाट समाज को केंद्र की ओबीसी लिस्ट में शामिल किया जाएगा, फिर धोखा दिया, फिर नहीं किया। आगे कहा, इसके बाद 2022 में दिल्ली में फिर सैकड़ों जाट नेताओं को बुलाकर अमित शाह मिले और वादा किया और फिर से धोखा दे दिया। तो पिछले 10 साल में चार बार में से तीन बार देश के गृहमंत्री ने और एक बार देश के प्रधानमंत्री ने पूरे जाट समाज को किया अपना वादा पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को जाटों की याद केवल चुनाव के पहले आती है। हर चुनाव के पहले जाट समाज को बुलाते हैं। वोट दो, वोट दो, इस बार वोट दे दो अगली बार कर देंगे। अपने पत्र में केजरीवाल ने लिखा कि एनडीएमसी में, डीडीए में, सफदरजंग अस्पताल में, ऑल इंडिया मेडिकल में, राजस्थान के जाट समाज को रिजर्वेशन मिलता है। लेकिन दिल्ली के जाट समाज को नहीं मिलता। भाजपा की केंद्र सरकार पिछले 10 सालों से लगातार ये धोखा कर रही है। सिर्फ जाट समाज ही नहीं रावत, रौनियार, राय तंवर, चारण व ओड, इन सभी जातियों को दिल्ली सरकार ने ओबीसी दर्जा दिया हुआ है, लेकिन केंद्र सरकार इन जातियों को दिल्ली में मौजूद अपने संस्थानों में ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं दे रही है। दिल्ली में केंद्र सरकार की सात यूनिवर्सिटी हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के दर्जनों कॉलेज हैं। दिल्ली पुलिस, एनडीएमसी, डीडीए, एम्स, सफदरजंग, राम मनोहर लोहिया जैसे केंद्र सरकार के कई संस्थानों में नौकरियां हैं जिनमें केंद्र सरकार के नियम लागू होते हैं। ऐसे में केंद्र सरकार की इस वादाखिलाफी की वजह से दिल्ली के ओबीसी समाज के हजारों युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि दिल्ली में जाट समाज व ओबीसी की 5 अन्य जातियों के साथ केंद्र सरकार का ये पक्षपातपूर्ण रवैया इन जातियों के युवाओं को शिक्षा और रोजगार के उचित अवसर हासिल नहीं होने दे रहा है। इसलिए केंद्र सरकार को तुरंत केंद्रीय ओबीसी सूची की विसंगतियों में सुधार कर दिल्ली में ओबीसी दर्जा प्राप्त सभी जातियों को केंद्र सरकार के संस्थानों में भी आरक्षण का लाभ देना चाहिए। मैं आपके जवाब का इंतज़ार करूंगा। इस मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारा निवेदन है जो धोखा 10 साल से भारतीय जनता पार्टी दिल्ली के जाट समाज को देती आ रही है। वह धोखा देना बंद करें। अपने पुराने वादे पूरे करें और अगर पूरे नहीं करेंगे तो आज केजरीवाल दिल्ली के पूरे जाट समाज को यह वादा कर रहा है कि मैं आपके लिए संघर्ष करूंगा और मैं केंद्र सरकार से इसे करवा कर लेकर आऊंगा। चाहे मुझे इसके लिए जो मर्जी करना पड़े।

# नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी शिकायतें लेकर चुनाव आयोग पहुंचे केजरीवाल



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को चुनाव आयोग से मिला और उन्हें नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में विपक्षी उम्मीदवार के चुनाव-प्रचार और मतदाता सूची में अपडेट से जुड़ी अपनी शिकायतों से अवगत कराया। केजरीवाल के साथ आयोग से मुलाकात करने वालों में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और सांसद संजय सिंह भी शामिल रहे। आयोग से मुलाकात के बाद केजरीवाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नई दिल्ली में बड़े स्तर पर मतदाता सूची में नाम जोड़े और हटाए जा रहे हैं। साथ ही उनके खिलाफ चुनाव लड़ रहे प्रवेश वर्मा खुलेआम गलत तरीकों से मतदाताओं को लुभा रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि 15 दिसंबर से 7 जनवरी के बीच नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में साढ़े पांच हजार मतदाताओं को हटाए जाने और 13 हजार नए मतदाता जोड़े जाने संबंधित शिकायतें और आवेदन आए हैं। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में एक लाख मतदाता हैं। ऐसे में 18 प्रतिशत से अधिक मतदाता सूची में अपडेट सीधे तौर पर चुनाव को प्रभावित करेगा। आप संयोजक ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में गलत तरीके से अभियान चला रहे हैं। स्थानीय चुनाव अधिकारी इस तरह की गलत प्रथाओं को जारी रखने में उनका सहयोग दे रहे हैं। उन्होंने स्थानीय डीईओ और डीआरओ को निलंबित किए जाने और प्रवेश वर्मा को चुनाव लड़ने से रोके जाने की मांग की। केजरीवाल ने कहा कि प्रवेश वर्मा खुलेआम जब कैंप लग रहे हैं, पैसे बांट रहे हैं और आई कैंप लगाकर चश्मा बांट रहे हैं। स्थानीय अधिकारी उनकी शिकायतों पर इस तरह के कैंप के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

# मैग्नेटो टेलीफोन फैक्टरी में आग, एक कर्मचारी की मौत

नई दिल्ली । जीटीबी एन्क्लेव स्थित मैग्नेटो टेलीफोन फैक्टरी में बुधवार देर रात आग लग गई। आग की चपेट में आने व धुएं से दम घुटने के चलते फैक्टरी में काम करने वाले एक कर्मचारी की मौत हो गई। सूचना के बाद दमकल विभाग की सात गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची दमकल टीम ने करीब एक घंटे तक राहत बचाव अभियान चलाकर आग पर काबू पाया। कूलिंग व सर्च ऑपरेशन के दौरान कर्मचारी का शव बुरी तरह से जले हालत में बरामद हुआ।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। वहीं, दमकल व पुलिस के अलावा क्राइम व एफएसएल की टीमों ने भी मौके से जरूरी सुराग जुटाए हैं। पुलिस मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों इत्यादि की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान 25 वर्षीय अजीत कुमार के रूप में हुई है। वह मूलरूप से मुजफ्फरपुर, बिहार का रहने वाला था। दिल्ली में पिछले पांच साल से फैक्टरी में काम कर रहा था। साथ ही फैक्टरी में रहता भी था। उसका बड़ा भाई दिवाकर शादीशुदा है और अजीत के साथ फैक्टरी में ही काम करता था। आग मानसरोवर पार्क मेट्रो स्टेशन के पास गली संख्या 1बी, फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित 340/61 में लगी थी। यह 200 गज में बना टेलीफोन फैक्ट्री परिसर है। परिसर स्थित इमारत के जिस हिस्से में आग लगी थी, वह 50 गज में बनी एक अलग दो मंजिला इमारत है जिसमें भूतल के अलावा बेसमेंट भी बना हुआ है। हादसे के वक्त फैक्टरी में मृतक समेत अन्य कुल पांच लोग फैक्टरी में सो रहे थे। लेकिन बाकी चार लोग शोर शराबा सुनकर खुद ही बाहर निकल आए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इमारत के दूसरे तल पर बने उसी कमरे से शुरू हुई थी जिसमें अजीत सो रहा था। कमरे के अलावा इसी तल पर बने हॉल में चार अन्य लोग सो रहे थे। बुधवार देर रात करीब 1.38 बजे जब आग लगी तो वहां तैनात सुरक्षा कर्मचारी ने दूसरे तल से धुआं व आग निकलते देखा। सुरक्षाकर्मी ने दमकल विभाग को सूचना देने के साथ ही शोर मचाया तो हॉल में सो रहे चार लोग जग गए और सुरक्षित बाहर निकल आए। वहीं, दूसरे तल पर अलग कमरे में सो रहा अजीत कमरे में ही रह गया। आग बढ़ने पर धुएं से दम घुटने के बाद बुरी तरह जलने से उसकी मौत हो गई। वहीं, सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने राहत बचाव कार्य शुरू किया और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद करीब 2.30 बजे आग को पूरी तरह काबू कर लिया। इसके बाद कूलिंग व सर्च ऑपरेशन चलाने के दौरान दमकल की टीम को अजीत का शव बुरी तरह जली हालत में मिला। वह पूरी तरह से जल चुका था। बाद में पुलिस ने उसकी पहचान कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

# ठंड में कोहरे के बीच सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आगे आई सामाजिक संस्था



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा। देर रात्रि जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था द्वारा नोएडा शहर के अंदर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बेसहारा गौवंश को रेडियम बेल्ट लगाई गई,संस्था के संस्थापक दीपांशु शर्मा ने बताया कि देर रात शहर की सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गौवंश घने कोहरे के बीच बाहन चालकों दिखाई नहीं दे पाते है जिसकी वजह से बड़े बड़े सड़क हादसे हो जाते है जिनके दौरान गौवंश के साथ साथ न जाने कितने परिवार अपनी जान गवा बैठते है इसी को ध्यान में रखते हुए सड़क हादसों पर लगाम लगाने हेतु संस्था द्वारा यह अहम कदम उठाया गया है जिससे कि किसी की जान न जा सके। इस मौके पर दीपांशु शर्मा,अनमोल सहगल,अजय चौहान,दीपा देवी,राजबाला, अंजलि सिंह आदि उपस्थित रहे

# यूपी-बिहार से ला रहे लोग, नई दिल्ली सीट पर बहुत बड़ा स्कैम -अरविंद केजरीवाल



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को चुनाव आयोग जाकर अपने खिलाफ लड़ रहे भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा की शिकायत की। दिल्ली मुख्यमंत्री आतिशी और पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त से मिले केजरीवाल ने कहा कि उनकी सीट पर बहुत बड़ा स्कैम चल रहा है। प्रवेश वर्मा पर आरोपों की बौछार करते हुए केजरीवाल ने मांग की कि प्रवेश वर्मा को चुनाव लड़ने से रोक दिया जाए। आप के मुखिया ने कहा कि कई तरह से वोटर्स को प्रभावित किया जा रहा है और यूपी-बिहार से लोगों को लाकर फर्जी वोट बनवाए जा रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर मीडिया से बातचीत में कहा, 'नई दिल्ली सीट पर 22 दिन में साढ़े पांच वोट कटाने के आवेदन आ गए हैं।

जिन 89 लोगों के नाम से वोट काटने के आवेदन लगाए गए उनमें से सामने आए 18 लोगों ने कह दिया कि उन्होंने आवेदन नहीं किया है। इसका मतलब है कि बहुत बड़े स्केल पर स्कैम चल रहा है, फ्रॉड चल रहा है। कल तक 13 हजार नए वोट बनाने के लिए आवेदन कहां से आ गए, पिछले 15 दिन में। जाहिर तौर पर यूपी-बिहार, आसपास के राज्यों से लोगों को लाकर फर्जी वोट बनवाए जा रहे हैं। साढ़े 18 पर्सेंट वोट यदि इधर से उधर कर दी जाएंगी तो फिर चुनाव थोड़ी है, नाटक है, तमाशा है।'

केजरीवाल ने आगे कहा, नई दिल्ली सीट पर प्रवेश वर्मा खुलेआम जॉब कैंप लगा रहे हैं, खुले आम पैसे बांट रहे हैं, चश्मे बांटे जा रहे हैं। 15 जनवरी को उन्होंने ऐलान किया है कि जॉब फेयर लगाएंगे। यह चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक भ्रष्ट आचरण है। प्रवेश वर्मा को चुनाव लड़ने से रोकना चाहिए। प्रवेश वर्मा के घर पर रेड की जानी चाहिए ताकि पता चले कि उसके घर में कितना पैसा है। वह ट्वीट करके कह रहा है, जैसे फिल्मों में कोई पुलिसवाला किसी को पकड़ लेता है तो वह कहता है कि पता है मेरा बाप कौन है, प्रवेश वर्मा खुलेआम कह रहा है कि मैं पैसे भी बाटूंगा, जॉब कार्ड भी दूंगा, मैं नहीं मानता किसी को।

स्थानीय चुनाव बीजेपी के सामने सरेंडर कर दिया है और उनकी मदद कर रहे हैं। हमें खुशी है कि चुनाव आयोग ने कहा है कि इन चीजों को नहीं होने दिया जाएगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी। केजरीवाल ने मांग की कि लोकल डीईओ, एईआरओ को सस्पेंड किया जाए।

# जेल से रिहाई के बाद से सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा का शहर के सम्मानित लोग लगातार कर रहे हैं स्वागत



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा। मजदूर किसान आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा की परसों देर रात्रि लुकसर जेल से रिहाई होने के पर जेल से बाहर आते ही सैकड़ो मजदूर किसान संगठनों के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर व पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर किसान सभा जिला संयोजक वीर सिंह नगर ने कहा कि किसान आंदोलन में गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में सीटू के कार्यकर्ता का योगदान बहुत ही सराहनीय है किसानों की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने आंदोलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और किसानों की बिना शर्त रिहाई की मांग को लेकर 12 दिसंबर 2024 को सीटू ने अन्य सहयोगी संगठनों के साथ डीएम कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर प्रदर्शन का ऐलान किया तो उक्त प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस के उच्च अधिकारी प्रदर्शन को स्थगित करने का दबाव उनके ऊपर बना रहे थे। प्रदर्शन स्थगित करने से मना करने से नाराज पुलिस के अधिकारियों ने उन्हें झूठा मुकदमा बनाकर 19 दिसंबर 2024 को जेल भेज दिया था। लेकिन हम पुलिस उत्पीड़न के आगे नहीं झुकेंगे और अपने हक अधिकारों के लिए संघर्ष को जारी रखेंगे। सीटू जिला महासचिव रामसागर ने कहा कि पुलिस द्वारा बदनाम करने के लिए लगाए गए आरोप सब फर्जी है और जनपद के मजदूर किसान आम जनता सब समझ रही है और सब लोग मजदूर किसान नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा के साथ मजबूती के साथ खड़े हैं। कल और आज लगातार जगह-जगह उनका शहर के सम्मानित लोगों ने स्वागत किया गया और जेल से रिहा होने की बधाई दी। आज दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिंह ने गंगेश्वर दत्त शर्मा को सम्मानित करने के बाद कहा मजदूरों गरीबों के हक अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले को पुलिस दमन के आधार पर झुकना चाहती है जो किसी प्रकार से उचित नहीं है और पुलिस की झूठी कहानी पर किसी को तनिक भी विश्वास नहीं है। सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि हम पुलिस उत्पीड़न और झूठे मुकदमे बनाए जाने और जेल भेजे जाने से ना डरे हैं और ना आगे डरेंगे और मेहनतकशों के हक अधिकारों की लड़ाई को आगे भी जारी रखेंगे।

# ड्रग्स तस्कर से 10 किलो गांजा बरामद

नई दिल्ली । दक्षिणी-पश्चिमी जिला पुलिस की एंटी स्नैचिंग सेल की टीम ने आठ जनवरी को रंगपुरी पहाड़ी के पास से एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी गुर्जर अली के पास से पुलिस ने तलाशी के दौरान 10 किलो गांजा बरामद किया है। वह दक्षिण भारत के राज्यों से गांजा लाकर दिल्ली के क्लस्टर इलाकों में सप्लाई करता है। पुलिस टीम आरोपी से पूछताछ कर उसके अन्य साथियों के बारे में जानकारी एकत्र करने में जुटी है।

# हर नागरिक सप्ताह में एक घंटा स्वच्छता के लिए दें - सुभाष चंद्रा



गुरुग्राम । स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्रा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक सप्ताह में केवल एक घंटा अपने क्षेत्र की स्वच्छता के लिए दें। यह एक सरल और प्रभावी कदम है, जो बड़े बदलाव का आधार बनेगा। यह ना केवल हमारे आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा बनाएगा, बल्कि अन्य लोगों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्रा ने यह बात गुरुवार को को नगर निगम गुरुग्राम कार्यालय में आरडब्ल्यूए, मार्केट एसोसिएशन व एनजीओ प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक घंटा निकालें तथा अपने क्षेत्र की सडक़, पार्क या बाजार जैसे सार्वजनिक स्थानों की सफाई में अपना योगदान दें। इसके अलावा, आसपास बिखरे कचरे को एकत्रित करें और उसे सही तरीके से डिस्पोज करें और साथ ही लोगों को भी कचरा प्रबंधन की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से ही हमारा पर्यावरण और स्वास्थ्य बेहतर रहता है। जब हम कचरे का सही निस्तारण करते हैं, तो हम ना केवल प्रदूषण को कम करते हैं, बल्कि आने वाली पीढियों के लिए एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण भी सुनिश्चित करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को यह समझने की आवश्यकता है कि स्वच्छता केवल सफाई तक ही सीमित नहीं, बल्कि यह जिम्मेदारी का अहसास भी है। हमे अपने आसपास के स्थानों को साफ रखना चाहिए और कचरे को ठीक तरह से निस्तारित करने के उपायों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत हुई और देश का नागरिक देश को स्वच्छ बनाने में जुट गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे पॉलीथीन का उपयोग ना करें तथा प्लास्टिक आइटम की बजाए पर्यावरण अनुकूल आईटमों का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक बर्तनों के इस्तेमाल को कम करने के लिए उनकी एसोसिएशन जल्द ही बर्तन बैंक की स्थापना करेगी, जिसमें प्रथम चरण में 200 बर्तन सेट रखे जाएंगे। बंधवाड़ी कचरा निस्तारण प्लांट का किया दौरा बैठक से पूर्व कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्रा ने संयुक्त आयुक्त डा. जयवीर यादव के साथ बंधवाड़ी कचरा निस्तारण प्लांट का भी दौरा किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक स्तर पर ही कचरा अलगाव को बढ़ावा देने की बात कही।

# मध्यप्रदेश ने पाठ्यक्रम में समावेशित किया राम-कृष्ण को - यादव

मथुरा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति की धारा में भगवान श्री राम और श्री कृष्ण प्रत्येक सनातनी के लिये वंदनीय हैं और मध्यप्रदेश ने इन दोनों आराध्यों को अपने पाठ्यक्रम में समावेशित किया है। डॉ यादव ने कल देर रात उत्तरप्रदेश के मथुरा में मां यमुना की सपरिवार पूजा-अर्चना की। उन्होंने यमुना के तट पर सपत्नीक दीपदान भी किया।

इस अवसर पर डॉ यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की नगरी होने से मथुरा की विशिष्ट पहचान है। अयोध्या, मथुरा, वाराणसी, उज्जैन, हरिद्वार, कांचीपुरम और द्वारका अनादि काल से अस्तित्व में रहे हैं, ये मोक्ष प्रदाय करने वाले नगर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति की धारा में भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्ण अद्भुत, चमत्कारी होकर प्रत्येक सनातनी के लिये पूज्यनीय और वंदनीय हैं। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के साथ सनातन संस्कृति में हर युग में, हर काल और परिस्थिति सनातनी धर्माम्बलंबियों का विश्वास अटूट रहा है। आज भी इनकी शिक्षाएं समीचीन हैं। मध्यप्रदेश में पाठ्यक्रमों में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की शिक्षाओं का समावेश किया गया है। उन्होंने कहा कि पौष माह में देव दर्शन का विशेष महत्व है।

मकर संक्रांति के पावन पर्व के पहले कुंभ स्नान भी होना है। ऐसे पवित्र माह और बारह साल में आने वाले अदभुत अवसर पर मथुरा आकर भगवान का वंदन और गुरू का आशीर्वाद निश्चय ही मंगलकारी होगा। उन्होंने मथुरा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आचार्य महामंडलेश्वर बड़ा उदासीन गुरू शरणानंद जी के आश्रम में अनेक श्रद्धालुओं से भेंट कर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने मथुरा के अन्य मंदिरों में भी दर्शन किए।

# भव्य शोभायात्रा के साथ प्रारम्भ हुआ सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



वृन्दावन। रमणरेती क्षेत्र स्थित फोगला आश्रम में गौसेवा परिवार, सीतारामप्यारी सोभासरिया चैरिटेबल ट्रस्ट (कलकत्ता) के तत्वावधान में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारम्भ हो गया है।महोत्सव का शुभारभ प्रात:काल गाजे-बाजे के मध्य निकाली गई श्रीमद्भागवत जी की भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ।जिसमें श्रीहरिनाम संकीर्तन करते हुए सैकड़ों भक्त-श्रृद्धालु एवं पीत वस्त्र पहने महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर साथ चल रही थीं।तदोपरांत यजमान परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण एवं व्यासपीठ का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया। व्यासपीठ से श्रीहरिदासी वैष्णव संप्रदायाचार्य विश्वविख्यात भागवत प्रवक्ता आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण जी महाराज ने अपनी सरस वाणी के द्वारा सभी भक्तों-श्रृद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण का महात्म्य श्रवण कराते हुए कहा कि मनुष्य योनि में जन्म लेने मात्र से जीव को मानवता प्राप्त होती नहीं है।मानवता वहीं से प्रारंभ होती है जहां स्वार्थ समाप्त होता है। यदि मनुष्य योनि में जन्म लेने के बाद भी उसमें स्वार्थ की भावना भरी हुई है, तो वह मनुष्य होते हुए भी राक्षसी वृत्ति की पायदान पर खड़ा रहता है।यदि व्यक्ति स्वार्थ की भावना को पूर्णत: त्याग कर हमेशा परमार्थ और सेव भाव से जीवन यापन करे, तो निश्चित रूप से वह एक अच्छा इंसान बन जाता है।अर्थात् सुदृढ़ मानवता की श्रेणी में खड़ा होकर पर सेवा में रत रहना ही मनुष्य जीवन की परिभाषा है। क्योंकि परमार्थ की भावना ही व्यक्ति को महान बनाती है श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा सुनने से व्यक्ति के मन-बुद्धि का आध्यात्मिक विकास होता है।अन्य युगों में जहां मोक्ष की प्राप्ति करने के लिए जप-तप, हवन-यज्ञ एवं दान-पुण्य आदि करने पड़ते थे, वहीं कलयुग में श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा सुनने मात्र से जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के स्मरण करने मात्र से हमारे सभी पापों का नाश हो जाता है।साथ ही जीव को अनन्त पुण्यों की प्राप्ति होती है।इस दिव्यातिदिव्य ग्रंथ की अमृतमयी कथा को पान करने के लिए देवतागण भी लालायित रहते है।जब कि प्राणियों को इसका लाभ सहज ही में प्राप्त हो रहा है। श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मानव जीवन का कल्याण होता है और उसके सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।

महोत्सव में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, प्रमुख समाजसेवी दासबिहारी अग्रवाल, पण्डित किशोर शास्त्री, आचार्य राजा पण्डित, पंडित उमाशंकर मिश्रा एवं डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# प्रतिष्ठा द्वादशी - सोने-चांदी के तारों से बनी पीतांबरी धारण करेंगे रामलला

अयोध्या । भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। 11 जनवरी से शुरू होने जा रहे समारोह को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम का आगाज और रामलला का अभिषेक करेंगे। रामलला को प्रतिष्ठा द्वादशी के प्रथम दिन पीतांबरी पहनाई जाएगी। यह दिल्ली में तैयार की जा रही है। इसकी बुनाई और कढ़ाई सोने-चांदी के तारों से की जा रही है। यह 10 जनवरी को अयोध्या पहुंच जाएगी, जिसे 11 जनवरी को धारण कर रामलला दर्शन देंगे। महोत्सव 11 से 13 जनवरी तक चलेगा, लेकिन 11 जनवरी का दिन खासा महत्वपूर्ण है। समारोह का शुभारंभ रामलला के अभिषेक से होगा। सुबह 10 बजे से रामलला के पूजन और अभिषेक का सिलसिला शुरू होगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जिस विधि-विधान से रामलला का अभिषेक किया गया था, उसी तर्ज पर प्रतिष्ठा द्वादशी पर भी रामलला का अभिषेक पंचामृत, सरयू जल आदि से किया जाएगा। अभिषेक-पूजन के बाद ठीक 12:20 बजे रामलला की महाआरती होगी। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के अनुसार करीब 110 वीआईपी भी इसमें शामिल होंगे। वहीं, अंगद टीला स्थल पर भी एक जर्मन हैंगर टेंट लगाया गया है, जिसमें 5,000 लोगों तक की मेजबानी की जा सकती है। आम लोगों को भव्य कार्यक्रमों को देखने का अवसर मिलेगा, जिसमें मंडप और यज्ञशाला में प्रतिदिन आयोजित होने वाले शास्त्रीय सांस्कृतिक प्रदर्शन, अनुष्ठान और राम कथा प्रवचन शामिल हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया, ट्रस्ट ने आम लोगों को आमंत्रित करने का फैसला किया है, जो पिछले साल अभिषेक समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। उन्हें अंगद टीला में तीन दिनों के कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, यज्ञ स्थल पर सजावट और उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। मंडप और यज्ञशाला इन उत्सवों के प्रमुख स्थल होंगे। आम लोगों के लिए राम मंदिर समारोह का हिस्सा बनने का यह दुर्लभ अवसर है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 जनवरी को मंदिर में रामलला का अभिषेक करेंगे। ट्रस्ट ने पहले ही देश भर के संतों और भक्तों को निमंत्रण भेजा है।

# जीनोम इंडिया डेटा का विमोचन, पीएम मोदी बोले- भारत बनेगा बायोटेक्नोलॉजी और फार्मा हब



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को %जीनोमिक्स डेटा कॉन्क्लेव% में %जीनोम इंडिया डेटा% के विमोचन के दौरान भारतीय शोध क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाने की बात की। इस अवसर पर उन्होंने वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और विभिन्न अनुसंधान संस्थानों के योगदान की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यह परियोजना भारत के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी और इसके परिणाम देश में बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च को नई दिशा देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत ने रिसर्च की दुनिया में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। 5 साल पहले जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट को स्वीकृत किया गया था। कोरोना महामारी की चुनौतियों के बावजूद हमारे वैज्ञानिकों ने बहुत मेहनत से इस प्रोजेक्ट को पूरा किया है। मुझे खुशी है कि देश के 20 से ज्यादा रिसर्च संस्थानों ने इस रिसर्च में अहम भूमिका निभाई है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 10 हजार भारतीयों का जीनोम सीक्वेंसिंग किया गया है और अब यह डेटा भारतीय बायोलॉजिकल डेटा सेंटर (आईबीडीसी) में उपलब्ध है। पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि इस डेटा से बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध और विकास होगा। उन्होंने कहा कि जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट भारत की बायोटेक्नोलॉजी क्रांति का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस प्रोजेक्ट की मदद से हम देश में एक विविध जैविक संसाधन बनाने में सफल हुए हैं। यह भारत को एक वैश्विक फार्मा हब के रूप में और भी मजबूत करेगा। भारत के पिछले दशक में स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए सुधारों का उल्लेख करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने पब्लिक हेल्थकेयर के क्षेत्र में कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। इनमें करोड़ों देशवासियों को मुफ्त इलाज की सुविधा, जन औषधि केंद्रों के माध्यम से 80 फीसद डिस्काउंट पर दवाएं उपलब्ध कराना और आधुनिक चिकित्सा ढांचे का निर्माण प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में बायोटेक्नोलॉजी और बायोमास का संयोजन बायो-इकोनॉमी के रूप में विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण हिस्सा है। बायो-इकोनॉमी का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग करना, बायो-आधारित उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देना और इस क्षेत्र में नई संभावनाएं उत्पन्न करना है। भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान अपनी फार्मास्युटिकल क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया था, और अब %जीनोम इंडिया% जैसे प्रोजेक्ट के जरिए भारत और भी आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की मदद से भारतीय वैज्ञानिकों को भारत के जीनोम लैंडस्केप को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी, जो भविष्य में चिकित्सा और स्वास्थ्य अनुसंधान में अहम भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि हमारे वैज्ञानिकों ने कठिनाइयों के बावजूद यह प्रोजेक्ट पूरा किया है और यह भारत के जैविक डेटा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रहा है। यह प्रोजेक्ट केवल बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि चिकित्सा विज्ञान और स्वास्थ्य सेवा में भी भारत को एक नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि इस डेटा का इस्तेमाल भारत में स्वास्थ्य सुविधाओं को और भी प्रभावी और प्रासंगिक बनाने के लिए किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट से न केवल भारत में बल्कि विश्व भर में बायोटेक्नोलॉजी और फार्मास्युटिकल क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। भारत का %जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट% न केवल भारतीय जनसंख्या की जैविक विविधता का अध्ययन करने में मदद करेगा, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर भी अन्य देशों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

# सीवरेज समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए- विपुल गोयल



गुरुग्राम । हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने गुरुवार को गुरुग्राम का दौरा किया। स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग और चीफ इंजीनियर मनोज यादव मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य सीवरेज से संबंधित समस्याओं का स्थाई समाधान सुनिश्चित करना था। मंत्री ने निर्देश दिए कि सीवरेज समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। इस दौरान निगमायुक्त ने जानकारी दी कि सेक्टर-1 से सेक्टर-57 तक सीवरेज लाइनों को बदलने की योजना तैयार की जा रही है। इसके अलावा मंत्री ने सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए और शहर में नियमित स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम को स्वच्छ और सुचारू बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय से काम करें। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल को जानकारी दी कि स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

आयुक्त ने बताया कि निगम क्षेत्र के सभी सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंट्स को प्रतिदिन साफ किया जा रहा है। गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट्स को साफ करने के बाद वहां गार्बेज ट्रॉली और बड़े कूड़ेदान लगाए गए हैं, ताकि कचरे का सही तरीके से निपटारा हो सके। इसके साथ ही, नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। आयुक्त ने यह भी बताया कि वे स्वयं शहर का औचक निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि स्वच्छता संबंधी किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके।

# शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखें पुलिसकर्मी - उषा



फरीदाबाद । पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त सेंट्रल उषा ने गुरुवार को लघु सचिवालय सेक्टर 12 में सेंट्रल जोन के पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के साथ क्राइम रिव्यू मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग के दौरान लम्बित शिकायतों का स्तर शुन्य करने, अनुसंधानाधीन व अन्डर चैकिंग अभियोगों का शीघ्र निपटारा करने, स्पेशल ड्राईव कार्यक्रम के दौरान अधिक से अधिक कार्यवाही करने बारे कार्य योजना तैयार की गई। पुलिस उपायुक्त द्वारा सभी प्रबंधक थाना व प्रभारी चौकियों को निर्देशित किया गया कि ई.आर.वी./राईडर की अधिक से अधिक गश्त सुनिश्चित कराई जाए, दोपहिया/चौपहिया वाहनों की लगातार चेकिंग की जाकर शरारती किस्म के व्यक्तियों व नौजवानों की विशेष चेकिंग की जाए, मॉल/मार्किट एरिया में पार्किंग व्यवस्था दुरूस्त कराई जाए, थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक सी.सी.टी.वी. कैमरा लगवाने एवं सिक्योंरिटी गार्ड बढ़वाने बारे आमजन को जागरूक किया जाए। इसके अतिरिक्त उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर अपराधों पर लगाम लगाने, नशा तस्करी पर प्रहार करने और महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक कदम उठाने बारे भी आवश्यक निर्देश दिए गए। मीटिंग में सहायक पुलिस आयुक्त, सैन्ट्रल एवं सराय फरीदाबाद सहित सैन्ट्रल जोन के सभी प्रबन्धक थाना, सभी प्रभारी पुलिस चौकी एवं सभी मोहर्रर थाना उपस्थित रहे।

# एसटीपी मिर्जापुर का निगम कमिश्नर ने किया औचक निरीक्षण



फरीदाबाद । निगमायुक्त ए मोना श्रीनिवास ने मिर्जापुर एसटीपी प्लांट व्यवस्थाओं का गुरुवार अचानक पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया । उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं कि एसटीपी प्लांट की मशीनरी में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। समय समय पर अधिकारी एसटीपी प्लांट का निरीक्षण करते रहे। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने अमृत प्रोजेक्ट के तहत बनाए गए इस मिर्जापुर प्लांट की लैब का भी बारीकी से निरीक्षण किया। यहां व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई एसटीपी प्लांट की साफ सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त पाई गई। बता दे कि इस एसटीपी प्लांट में ओल्ड फरीदाबाद और बल्लभगढ़ एरिया का लगभग 80 एमएलडी सीवर का गंदा पानी पहुंचता है जिसे ट्रीट किया जाता है और उसके बाद सिंचाई विभाग के रजवाहे में भेजा जाता है। यह ट्रीट होने के बाद पानी सिंचाई के भी उपयुक्त होता है। इस मौके पर एडिशनल कमिश्नर गौरव आंतिल, एक्सईन पदम भूषण,अनिल मेहता भी मौजूद रहे।

# चोरी के 28 मोबाइल फोन समेत बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली । शाहदरा जिला एसटीएफ ने चोरी के 28 मोबाइल फोन समेत एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि गत बुधवार को विवेक विहार थाने में एक व्यक्ति ने मोबाइल फोन चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जांच करते हुए पुलिस को एक व्यक्ति के चोरी के मोबाइल फोन समेत सीएनजी पंप, सीमापुरी के पास आने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक बैग मिला। बैग में से चोरी के 19 मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान न्यू सीमापुरी निवासी तहीदुल शेख के रूप में हुई। पूछताछ में इसने बताया कि उन्हें अपने दोस्त शबीर की मदद से ये मोबाइल फोन चुराए थे। बाद में इसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के नौ अन्य मोबाइल फोन बरामद कर लिए। वहीं, शबीर को पुलिस पहले ही झपटमारी के एक मामले में गिरफ्तार कर चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### तिरुपति भगदड़- आंध्र सरकार ने पीड़ितों के लिए 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की

तिरुपति । आंध्र प्रदेश सरकार ने यहां भगदड़ में मारे गए श्रद्धालुओं के परिजनों को बृहस्पतिवार को 25-25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। बुधवार रात तिरुपति में एमजीएम स्कूल के पास बैरागी पट्टेडा में मची भगदड़ में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और लगभग 40 अन्य घायल हो गए। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु तिरुमाला पहाड़ियों पर स्थित भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के टिकट के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। दस जनवरी से शुरू होने वाले 10 दिवसीय वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए देश भर से सैकड़ों भक्त पहुंचे हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, 'राज्य सरकार ने मृतकों के परिवारों को 25. 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।' राज्य के राजस्व मंत्री ए सत्य प्रसाद ने कहा कि मृतक श्रद्धालुओं के परिवारों को 25. 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की गई है। एक मंत्री समूह के दौरे के तहत पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने के बाद प्रसाद ने संवाददाताओं से कहा, 'हम जीवन की भरपाई किसी और चीज से नहीं कर सकते। परिवारों की सहायता के लिए हमने 25. 25 लाख रुपये की घोषणा की है।' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू शीघ्र ही आकर सभी घायलों से बात करेंगे और उसके बाद घायलों को दी जाने वाली मुआवजे की राशि पर निर्णय लेंगे।

### पंजाब और हरियाणा में सर्दी का प्रकोप जारी

चंडीगढ़ । पंजाब और हरियाणा में बृहस्पतिवार को भी सर्दी का प्रकोप जारी है और मोगा में सबसे कम 2.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। सुबह दोनों राज्यों के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब में अमृतसर में न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस, पटियाला में 4.2 डिग्री सेल्सियस जबकि लुधियाना, पठानकोट, बठिंडा, फरीदकोट और गुरदासपुर जिलों में क्रमश- 6.2 डिग्री, 3.3 डिग्री, 5 डिग्री, 2.6 डिग्री और 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा के सोनीपत में न्यूनतम तापमान 3.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य स्थानों मंग अंबाला का न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस रहा। हिसार, करनाल, नारनौल, रोहतक, भिवानी और सिरसा में न्यूनतम तापमान क्रमश- 3.5 डिग्री, 3.5 डिग्री, 4 डिग्री, 5.7 डिग्री, 4.9 डिग्री और 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम है।

### राजस्थान में सर्दी जारी, कई इलाकों में बारिश का अनुमान

जयपुर । राजस्थान के कई इलाकों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है और मौसम विभाग ने अगले दो दिन में कई जगह बारिश होने का अनुमान जताया है। राज्य में बीते चौबीस घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा सीकर में न्यूनतम तापमान 4.0 डिग्री, करौली में 4.2 डिग्री, जालौर व संगरिया में 4.3 डिग्री, सिरोही में 4.4 डिग्री, चूरू और दौसा में 4.7 डिग्री और बारां जिले के अंता में न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस रहा। बुधवार की सुबह राज्य भर के लगभग सभी प्रमुख शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, राज्य के बीकानेर, जयपुर तथा भरतपुर संभाग में अभी कहीं कहीं शीतलहर व शीत दिवस दर्ज होने की संभावना है। एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 10-12 जनवरी के दौरान बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के क्षेत्रों में बादलों की गरज के साथ बारिश हो सकती है।

### गरीबी व बेरोजगारी में सबसे अव्वल राज्यों में शुमार है बिहार- तेजस्वी

बक्सर । नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एकबार फिर बिहार सरकार व भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। श्री यादव ने कहा कि बिहार में 20 साल तो केंद्र में 11 साल से डबल इंजन की एनडीए की सरकार है। बिहार को नंबर वन राज्य बनाने की घोषणा किया गया था। लेकिन, आज नीति आयोग का रिपोर्ट देखा जाए तो गरीबी में पलायन में बेरोजगारी में सबसे अव्वल राज्यो में बिहार है। विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा किया गया उसे भी पूरा नहीं किया गया है। बीपीएससी मामले छात्र आंदोलन पर सरकार को घेरते हुए कहा की कभी गांधी मैदान युवाओं को नियुक्ति पत्र देने का गवाह बनता था। आज एनडीए के राज्य में नौजवानों की दुर्गति कि जा रही है। लाठी डंडे नौजवानों पर बरसाए जा रहे। हमलोगों की सरकार में आने से पहले भी पेपर लीक होता था। बिहार सरकार से जाने के बाद भी पेपरलीक हो रहा है। लेकिन, करवाई किसी पर नही हुई। मैट्रिक की परीक्षा से लेकर बीपीएससी की परीक्षा तक का पेपर लीक हो रहा है। उन्होंने इंडिया गठबंधन को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा है कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए बना था। इसके गठन के पीछे का उद्देश्य ही लोकसभा चुनाव था। यह पहले से ही तय था। बिहार के परिपेक्ष्य में बात करें तो यहां पर विपक्ष की सभी पार्टियां शुरू से ही एकजुट है। हमलोग साथ में काम कर रहे। आगे भी करेंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में राजद के चुनाव लडने् के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि दिल्ली में चुनाव लड़ेंगे या नहीं यह फैसला राष्ट्रीय जनता दल करेगा। अब तक हमारे दल ने इस पर फैसला नहीं किया है। पार्टी की स्थिति जल्द ही स्पष्ट होने की संभावना है।

### बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यपाल से मुलाकात करने पहुंचे राजभवन

पटना । बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार की सुबह राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मिलने राजभवन पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री अपने काफिले के साथ राजभवन पहुंचे हैं। हालांकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यपाल से मिलने क्यों गए हैं, इसकी आधिकारिक जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। वैसे, बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री राजभवन में औपचारिक मुलाकात करने पहुंचे हैं। प्रदेश में चर्चा मंत्रिमंडल विस्तार की भी हो रही है। ऐसे में इस मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों का तापमान बढ़ गया है। समझा जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच यह मुलाकात हो सकती है। हालांकि जदयू के तरफ से भी अब तक इसकी पुष्टि नहीं की गई है। चर्चा है कि बिहार में मंत्रिमंडल का विस्तार 15 जनवरी के बाद यानी खरमास समाप्त होने के बाद कभी भी हो सकता है। इस विस्तार में भाजपा के चार नए चेहरे शामिल होंगे। इसके साथ ही वर्तमान में भाजपा के जिन मंत्रियों के पास कई विभाग हैं, उनके विभागों का पुनर्वितरण किया जाएगा। ये विभाग कैबिनेट में शामिल होने वाले नए मंत्रियों के बीच बांटे जाएंगे। नीतीश कुमार के कैबिनेट में फिलहाल दो उप मुख्यमंत्री है और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय सुमित कुमार सिंह भी मंत्रिमंडल में शामिल हैं। फिलहाल भाजपा कोटे से 15 मंत्री मंत्रिमंडल में हैं। ऐसे में चर्चा है कि भाजपा से और चार लोगों को मंत्री बनाया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इस साल बिहार में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार के समय जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों को भी साधने की कोशिश की जाएगी। वैसे, किसी आधिकारिक बयान के बाद ही पता चल सकेगा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यपाल से मिलने क्यों गए थे।

### कुलगाम में संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर । सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार कर उसके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। सेना ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि यह गिरफ्तारी बुधवार को कुलगाम के कैमोह इलाके में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किए गए घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान की गई। चिनार कोर ने अपने 'एक्स' हैंडल पर कहा, ''तलाशी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक एके राइफल, 4 मैगजीन, दो हथगोले और अन्य सामग्री बरामद की गई है।'' उसने कहा कि पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है।